NBT
गाज़ियाबाद Times
OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । सोमवार, 9 मार्च 2026

आमिर चाहते हैं बड़े पर्दे और OTT में संतुलन p4

सोसायटियों में वीमंस डे पर कार्यक्रमों की धूम P2

हेल्पलाइन नंबर 24/7

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758
ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904
नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012
विद्युत विभाग इमरजेंसी
9193320115
डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546
फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

होली के बाद भारत की रेकॉर्ड जीत पर शहर में मनी दिवाली

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की जीत के साथ ही शहर में जश्न का माहौल शुरू हो गया। मैच देखने को लेकर दिन से ही तैयारियां की जा रही थीं। शाम होते ही मॉल, रेस्तरां और विभिन्न सोसाइटियों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई आरडब्ल्यू और एओए ने सोसाइटियों में बड़ी स्क्रीन लगाकर निवासियों के लिए मैच का सीधा प्रसारण कराया। भारत के 256 रनों का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 159 रन पर ऑल आउट हो गई। राजनगर एक्सटेंशन की कई सोसायटियों में लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाते और बधाई देते नजर आए। हर तरफ तिरंगे ही तिरंगे दिखे।

बिग स्क्रीनों पर जमी रहीं निगाहें

क्रॉसिंग रिपब्लिक की जीरो-7 सोसायटी, इंद्रप्रस्थ योजना कॉलोनी ब्लॉक-डी, शिप्रा सनसिटी रीपब्लिका हाइट्स और कृष्ण विहार सी ब्लॉक स्थित रामलीला मैदान में भी बड़े पर्दे पर मैच का सीधा प्रसारण किया गया। रामलीला मैदान में विशेष व्यवस्था की गई थी।

पटेल नगर

आरडीसी, राजनगर

Photos : Umesh Kumar

फटाफट खबरें

5 तक ऑनलाइन आवेदन करें

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को आगत भी कर दिया गया है। कुलसचिव के अनुसार राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए अब बिना विलंब शुल्क के 5 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उसके बाद 10 अप्रैल तक विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कराया जा सकेगा। राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार 31 मई को होगी।

आरोग्य मेले में 3564 का इलाज

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में रविवार को स्वास्थ्य आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। 53 पीएचसी में कुल 3564 मरीजों का इलाज किया गया। सर्विलांस अधिकारी राकेश गुप्ता ने बताया कि मेले में खसरी, जुकाम, बुखार, शरीर दर्द, स्किन इंफेक्शन और आंखों में जलन की समस्या लेकर अधिक मरीज पहुंचे। मेले का उद्देश्य लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। मेले में सम्मन्वय जांच के साथ ही मरीजों को दवाइया भी दी गईं।

डेबिट कार्ड बदल चार लाख निकाले

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में डेबिट कार्ड बदलकर महिला के खाते से करीब चार लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। मामले में शाहकुल निवासी बीना सिंह ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। बीना सिंह ने बताया कि 22 फरवरी को उन्होंने अपना डेबिट कार्ड आअपनी नातिन को दिया था। नातिन रुपये निकालने के लिए एटीएम पर गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से कार्ड बदल लिया। इसके बाद उनके खाते से कई बार में करीब चार लाख रुपये की अनाधिकृत निकासी कर ली। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद का कहना है कि एटीएम कूथ व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले जा रहे है।

BJP नेता को दी एनकाउंटर की धमकी

■ NBT न्यूज, मुरादनगर : भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल को एक शख्स ने फोन कर खुद को पुलिस हेडक्वार्टर गाजियाबाद से बताया और उन्हें कहा कि उनके खिलाफ एटी टेररिस्ट वॉरंट है। उस्ने गोपाल अग्रवाल को जाल की सच्चाई जानने के लिए एटीएम हेडक्वार्टर न पहुंचने पर एनकाउंटर करने की धमकी दी। अग्रवाल ने थाने मे तहरीर दी है।

हैपी मॉर्निंग

टीचर : बच्चो बताओ कंडक्टर और ड्राइवर में क्या फर्क है? चिंटू : कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा..!

हमारा पता

एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साउथाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader@timesofindia.com

हाउस टैक्स में छूट का ऐलान तो किया, लेकिन नियम नहीं बताए

ये छूट नहीं आसान... बस इतना समझ लीजिए

Anup.Pandey
@timesofindia.com

■ गाजियाबाद : नगर निगम ने हाउस टैक्स में कई तरह की छूट देने का फैसला तो कर लिया, लेकिन इनका लाभ लोगों को कितना मिल पाएगा। इसे लेकर कन्फ्यूजन है। अधिकारी से लेकर पार्षद तक इस बात का स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे कि छूट पाने की पात्रता आखिर कैसे तय होगी। पार्षद कह रहे हैं कि कब छूट मिली है और उसका लाभ कैसे मिलेगा, यह लोगों को बता नहीं पा रहे हैं। निगम जो छूट पहले से दे रहा है उसमें नई को मिला दें तो भी लोगों को पुरानी दरों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा हाउस टैक्स देना पड़ेगा। बता दें कि निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ कि मकान की उम्र के आधार पर हाउस टैक्स में छूट दी जाएगी। इसके तहत 10 साल पुराने मकान पर 25, 10 से 20 साल पुराने मकान पर 32.5 और 20 से 40 साल पुराने मकान पर 40 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है।

कई तरह की शर्तें होने से बढ़ा संशय

मेयर ने ही इस व्यवस्था पर उठाए सवाल

अधिकारी नहीं दे पाए जवाब

मेयर के इन सवालों का स्पष्ट जवाब न तो अधिकारियों के पास है और न ही पार्षदों के पास। ऐसे में आशंका है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए भी कुछ लोगों को छूट का लाभ दिया सकता है। इसके लिए विभाग के चक्कर काटने का झंझट बढ़ेगा। ऐसे में ज्यादातर लोग बिना छूट ही हाउस टैक्स जमा करने को मजबूर होंगे।

यह भी मुद्दा उठाया

मेयर ने यह भी सवाल उठाया कि जिन लोगों का मकान पुराना है, उन्हें तो राहत दे रहे हैं, लेकिन जिन लोगों ने नया मकान बनाया है, उनका क्या गुनाह है। इस पर अधिकारियों ने एक्ट का हवाला देते हुए किसी की एक नहीं सुनी।

सर्टिफिकेट कै भी तय नही मानक: निगम ने मुख्य और गौण कुड़ा अलग करने की अदत को बढ़ावा देने के लिए भी 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया है। इसके लिए लोगों को गौला और सूखा कुड़ा अलग-अलग देने का प्रमाणपत्र निगम से लेना होगा, लेकिन इसकी पात्रता कैसे तय होगी, इसके लिए स्पष्ट गइदालहान नहीं है। यह प्रमाण पत्र जेन कार्यालय से मिलेगा, लेकिन उससे पहले पार्षद या सफाई नायक कैसे इसे प्रमाणित करेगा, यह तय नही है। बोर्ड बैठक में एक राहत यह भी दी गई कि हाउस टैक्स ऑनलाइन जमा करने पर मिलने वाली छूट को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है।

सदन में यह भी सवाल उठा कि छूट का लाभ कमर्शल भवनों पर भी मिलेगा। मेयर ने साफ कह दिया कि यह एक्ट में नहीं है तो कमर्शल वालों को ज्यादातर छूट का लाभ नहीं मिलेगा।

बिलों में छेड़छाड़ की तो होगी FIR

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर निगम हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए अब सख्ती के मूड में है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग के अधिकारियों और टीम के साथ बैठक कर वसूली की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि हाउस टैक्स के बिलों में अनावश्यक छेड़छाड़ की शिकायत और साक्ष्य मिलने पर दोषियों के खिलाफ सीधे FIR दर्ज कराई जाएगी। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को रेवेन्यू समीक्षा बैठक करने और मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी जोनल प्रभारियों से कहा गया है कि वे अपने-अपने जोन में करदाताओं को हाउस टैक्स पर मिलने वाली छूट की जानकारी देकर जागरूक करें। 2025-26 वित्तीय वर्ष के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया हाउस टैक्स पर 12 प्रतिशत ब्याज लगना शुरू हो जाएगा। कपरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए 1 अप्रैल 2026 से हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

जो छूट सदन में पास हुई है, उसका लाभ एक औऱ से लोगों को मिलेगा। यह नई व्यवस्था है और कई छूट पहली बार नगर निगम में लागू हुई है। ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिसमें परदर्शिता भी रहे और लोगों को परेशानी भी न हो।
विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त

मीट कारोबारी के ठिकानों व मिठाई की दुकान पर IT रेड

करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी का मामला सामने आया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : आयकर विभाग ने चौपला स्थित एक नामी मिठाई की दुकान पर छापेमारी की। यह दुकान लस्सी और मिठाइयों के लिए जानी जाती है। छापेमारी में खुलासा हुआ कि भीड़भाड़ वाले बाजार में मौजूद यह छोटी सी दिखने वाली दुकान सालाना करोड़ों रुपये का कारोबार कर रही है, लेकिन कागजों में इसे बेहद कम दिखाया गया। जांच में सामने आया कि एक ब्रांस मेकाइल एप्लिकेशन के जरिए टैक्स चोरी का बड़ा नेटवर्क चलाया जा रहा था। इसके साथ ही गाजियाबाद चूनिट ने मीट एक्सपोर्ट के बड़े कारोबारी के ठिकानों और उनके अंतरराष्ट्रीय हवाला कनेक्शन का भी पर्दाफाश किया है।

चौपला स्थित मिठाई की दुकान से डिजिटल सबूत कब्जे में लिए गए

कैसे होती थी टैक्स चोरी, पेट-पूजा ऐप का खेल

स्वीट्स की दुकान में टैक्स चोरी का तरीका बेहद शातिर था। जांच में पता चला कि यहां बिलिंग के लिए पेट-पूजा' (Pet-Pooja) नामक एक एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जा रहा था। यह ऐप इस तरह से डिजाइन किया गया था कि इसमें फीड किया गया बिलिंग डेटा एक निश्चित समय के बाद अपने आप डिलीट हो जाता था। ग्राहकों से पैसा तो पूरा लिया जाता था, लेकिन रिकॉर्ड से गायब होने के कारण आयकर रिटर्न में टर्नओवर को बहुत कम करके दिखाया जाता था। छोटी सी दुकान से करोड़ों का रेवेन्यू मिल रहा था, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में मुनाफा मामूली दिखाया गया। विभाग ने डिजिटल सबूत जब्त कर लिए हैं।

मीट एक्सपोर्ट और इंटरनेशनल हवाला कनेक्शन

आईटी टीम ने मीट एक्सपोर्ट इंडस्ट्री के बड़े खिलाड़ियों को भी फेनकाप किया। डासना स्थित इंटरनेशनल एये फूडस जो भारत के सबसे बड़े मीट एक्सपोर्टरों में से एक है, के यहां हुई जांच में हजारों करोड़ की अघोषित आय का पता चला है। हापुड़ का मलहार कुरैशी परिवार इस फर्म को चलाता है। अवैध तरीके से चीन और अन्य देशों में मीट भेज जा रहा था। चीन से कैश मिलता था, उसे दिल्ली के पीतमपुरा के एक परिवहन के जरिए भारत लाया जाता था। यह परिवार हवाला नेटवर्क चला रहा था, जो गाजियाबाद और हापुड़ के एक्सपोर्टरों का पैसा विदेशों में रखने का काम करता था।

विभाग की चेतावनी और अगली कार्रवाई

आयकर विभाग की इस बड़ी कार्रवाई के बाद शहर के अन्य बड़े व्यापारियों में भी डर का माहौल है। विभाग का कहना है कि कुछ हफ्तरी में बड़े पैमाने पर काले धन का इस्तेमाल हो रहा है, जिसे रोकने के लिए जांच और तेज की जाएगी। उत्तमान में मिठाई की दुकान और मीट एक्सपोर्टर्स के खिलाफ जांच जारी है और जल्द ही आयकर चोरी करने वाली अन्य फर्मों पर भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग अब उन सभी संपत्तियों का ब्योरा जुटा रहा है जो इस अवैध कमाई से बनाई गई है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी को समर स्लॉट की उड़ानों की जानकारी नहीं

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने समर स्लॉट में जे चुकिंग करवाई थी, उसमे उड़ानें का संचालन नहीं किया जबकि हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से बार-बार लेटर लिखकर समर स्लॉट में शुरू होने वाली उड़ानों की जानकारी मांगी जा रही है। पिछले एक साल में 25 से घटकर उड़ानें की संख्या 13 रह गई हैं। इसके बाद से ही हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी परेशान है।

खोड़ा अग्निकांड में पुलिस ने दर्ज कराया केस

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : खोड़ा में एक झमस में आग लगने के मामले में पुलिस ने पांचवें दिन अपनी ओर से केस दर्ज कराया है। इस घटना में 23 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे, तीन लोगों की मौत हो चुकी है और 35 वाहन जल गए थे। एसआई श्रणवीर सिंह ने बताया कि बीरबल चौ की क्षेत्र में न्यू अलंका कालोनी में सुनहरी रेजिडेंसी में तीन मार्च की रात करीब 11 बजे आग लग गई थी। लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें।

यूट्यूबर ने 200 की स्पीड में मोड़ी थी SUV, कई बार पलटी

हादसे में कॉर्निगर के परखचे उड़ गए

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

धौलाना पर मसूरी क्षेत्र में इनिवार रात यूट्यूबर अनुराग डोभाल ने 200 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड में अचानक स्टेयरिंग मोड़ दी थी। इससे SUV कई बार पलटती हुई दिल्ली मेरठ साइड की ओर जा गिरी। गनीमत रही कि उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे से पहले अनुराग ने एक वीडियो स्नैपचैट मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें वह परिवार पर आरोप लगाते हुए और मां से भगाते जन्म में बहुत प्यार देने की बात कहते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने उन्हें मेरठ के मुबारी अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों से पता चला है कि देर रात उनके सोशल मीडिया यूट्यूबर साथी दिल्ली के निजी अस्पताल के लिए रैफर कराकर ले गए। वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

स्पीड में दौड़ाई कार

- मसूरी क्षेत्र में हवा हवाई रेस्तरां के पास शनिवार रात हुआ हादसा
- हादसे से पहले अनुराग डोभाल ने बनाया वीडियो
- मेरठ के सुभारती अस्पताल से दिल्ली ले जाया गया
- यूट्यूबर की हालत गंभीर, दिल्ली रेफर

शनिवार को अनुराग डोभाल देहरादून से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान दीएमई पर उन्होंने अपने विडियो में फॉर द फाइनल ड्राइव की बात कहकर कार की स्पीड तेज कर दी। करीब 200 की स्पीड पर कार दौड़ाने के बाद अनुराग ने कार स्टेयरिंग अचानक पुरा घुमा दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर कई बार पलटी और दूसरी साइड चली गई।

कुत्तों ने बच्ची पर किया हमला

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम : विधायक कॉलोनी में रविवार सुबह आवारा कुत्तों के झुंड ने 7 वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। यह घटना गली नंबर-5 हैप्पी प्लॉट नंबर-19 के सामने सुबह करीब 6 बजे हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची पैसे ही घर से बाहर निकली, जहां घूम रहे दो डॉग के झुंड ने हमला कर दिया और उसे काटने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत कुत्तों को भगाया और बच्ची को बचाया। इसके बाद बच्ची को इलाज के लिए ले जाया गया। इस बारे में नगर निगम टीम का कहना है कि अभी तक उनके पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है।

20 लाख कैश के बदले थमाई नकली नोट से भरी अटैची, अब केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : कमीशन पर नोट सप्लाई करने वाले शख्स को कुछ लोगों ने 500 रुपये के नोट के बदले 20 लाख के नकली नोट थमाकर फरार हो गए। मौके पर अटैची की चाबी भूलने की बात कहकर आरोपी गए लेकिन वह वापस नहीं आए। पीड़ित ने जब अटैची खोलकर देखी, तो उसमें 20 लाख रुपये के नकली नोट थे। जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामला 18 सितंबर 2025 का है। कासगंज, पटियाली निवासी आशीष चौहान बड़े नोटों के बदले छोटे नोटों को मार्केट में सप्लाई करते हैं और उसके बदले में वे प्रतिशत कमीशन लेते हैं। आशीष ने बताया कि 18 सितंबर 2025 को वह इंदिरापुरम में पेमेंट लेने आए थे। जब वह पेमेंट लेने

AI Image

- 500 के नोटों के बदले 10, 20 और 50 के नकली नोट देकर फरार
- बड़े नोट देने के बदले दो प्रतिशत कमीशन लेता था पीड़ित

के बाद वापस जा रहे थे, तो उनके पास बिहार के रहने वाले त्रिपुरारी मिश्रा का फोन आया, जिसमे वह पहले भी मिल चुके हैं। त्रिपुरारी मिश्रा ने उन्हें 500 के नोटों के बदले 10, 20, 50 और 100 के नेट देने की पेशकश की। साथ ही दो प्रतिशत कमीशन देने के लिए भी कहा।

पांच साल में 9.08 करोड़ की आय, लेकिन संपत्ति 22.67 करोड़ की

AOA के पूर्व बोर्ड सदस्यों पर प्रतिबंध

■ NBT रिपोर्ट, टीसा मोड़ : शालीमार सिटी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (AOA) की स्थगित जनरल बॉडी मीटिंग रविवार को सोसायटी के क्लब हाउस में आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां सामने आने के बाद सदन ने पूर्व बोर्ड के सभी सदस्यों पर 6 वर्षों तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इसके साथ ही उनकी सदस्यता रद्द करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बारे में पूर्व सचिव रानेश मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

कोडिन सिरप की तस्करी में करोड़ों की संपत्ति जब्त

पिछले साल 4 नवंबर को भारी मात्रा में कफ सिरप की खेप के साथ आठ आरोपी पकड़े थे

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : प्रतिबंधित कोडिन कफ सिरप की कालाबाजारी और तस्करी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपियों और उनके परिजनों के नाम पर खरीदी गई करीब साढ़े 12 करोड़ की कीमत की संपत्ति को पुलिस ने जब्त किया। आरोपी विक्रोर राणा और विशाल सिंह और इनके परिवार के लोगों का पांच साल की आय का ब्यौरा देख गया तो सामने आया कि इनकी पांच साल में 9,08,86,082 रुपये की कुल आय हुई जबकि इन्होंने अपने व अपने परिवार के नाम 22,67,34,087 रुपये की संपत्ति अर्जित कर ली। आरोप है कि तस्करी से अर्जित अवैध धन से ऐसा किया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की संपत्ति को चिह्नित कर रही है।

डीसीपी सिटी और मुख्यालय पंकज जायसवाल ने बताया कि चार नवंबर को चार ट्रकों में से कोडिन युक्त सिरप बरामद कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से करीब 3.40 करोड़ की कीमत का सिरप, एक कार, 20 लाख कैश, दो लैपटॉप, 10 मोबाइल, फर्जी सिम, मुहर व अन्य सामान बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने ट्रांसपोर्टर संतोष बड़ाना समेत खैरम त्यागी, शहजाब, शिवकांत उर्फ शिव, अंबुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपू चादव और सुशील चादव को गिरफ्तार किया था। डीसीपी ने बताया कि सहारनपुर के शस्त्री नगर निवासी विक्रोर राणा और विशाल सिंह ने सहारनपुर में जौआर ट्रेडिंग नाम से कंपनी पंजीकृत करा रखी थी। पड़पड़गंज और गाजियाबाद कुछ में भी इसका नेटवर्क है।

आरोपियों की आर्थिक स्थिति और आय के स्रोतों की भी जांच चल रही

लग्जरी वाहन, जमीन व मकान किए जब्त

डीसीपी ने बताया कि ज्रोज की गई संपत्तियों में सहारनपुर के विभिन्न इलाकों में स्थित प्लॉट, जोहिया, मकान और काफी कृषि भूमि शामिल है। इसके अलावा गिरोह के पास से एक लग्जरी स्कॉरपियो कार, दो ट्रैक्टर भी सपत्ति के रूप मे चिन्हित किए गए है। संपत्ति जब्त करने के आदेश आरोपियों के परिजनों को भी तामील करा दिए हैं। डीसीपी ने बताया इससे पहले रवीरव त्यागी की करीब दो करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

फटाफट खबरें

शिक्षक निर्वाचन को लेकर किया मंथन

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक एमरल्ड इटर कॉलेज में हुई। इसमें शिक्षक निर्वाचन को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद सिंह खटर व संचालन जिला मंत्री महेंद्र सिंह नागर ने किया। प्रादेशिक सरक्षक महावीर प्रसाद त्यागी, मीडिया प्रभारी राजीव त्यागी, ओम प्रकाश, ओमपाल सिंह, पारुल शर्मा, वीरेंद्र नागर, कपिल अग्रवाल, रेखा त्यागी आदि ने शिक्षक निर्वाचन को लेकर अपने सुझाव दिए।

कविनगर में होली मिलन समारोह

■ NBT न्यूज, आरडीसी : क्षेत्रीय व्यापार सभा, कविनगर की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रमारम कार्यक्रमों ने सभी को होली के रग मे रग दिया। मुख्य अतिथि मधुर की जिला विकास अधिकारी गरिमा रहें मुख्य अतिथि रही। सरस्वती वदना के उपरात्त प्राश श्रीवास्तव, मधुमिता मजूमदार, मनीष कुमार, आशु श्रीवास्तव, गोपाल सक्सेना एव दीप सक्सेना की प्रस्तुतियो को सभी ने सराहा। मेधावी विद्यार्थियों के अलावा सस्था के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण श्रीवास्तव, महेद्र शकर माथुर, विधिज्ञाओ ज्ञानु श्रीवास्तव व प्रिया वर्मा को प्रेरणा नारी सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर्स को दी विदाई

■ NBT न्यूज, गाँधीपुरम : रिंपल हेल्स पब्लिक स्कूल एच ब्लॉक में विदाई समारोह में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं की रंगारग कार्यक्रमों से विदाई दी। सिंटर फेयरवेल और सिल्वर फेयरवेल आकर्षण का केंद्र रही। स्कूल के डायरेक्टर सतीश रस्तोग व प्रदीप रस्तोग तथा प्रिंसिपल मोनिका सक्सेना ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बेबी शो के विजेताओं को किया सम्मानित

■ NBT न्यूज, राजनगर एक्सटेंशन: डिनिस इटरनेशनल प्री स्कूल मे बेबी शो के विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन राजेश्वर उर्मा ने किया। बेबी शो मे बेस्ट बेबी आउटफिट, फोटोजैनिक बेबी, मोस्ट एक्टिव बेबी, क्यूस प्रीजेंटेशन, कलरिंग एड पेंटिंग एव मास्र-पाइस रैम्प वॉक आदि प्रतियोगिताओ मे बच्चो ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

दिल्ली रैली को लेकर मंच ने कसी कमर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : दलितो और वचितो के अधिकारो की आवाज बुलद करने के लिए प्रस्तावित शकिशाली रैली (DSMM) में एक बडी तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को झडापुर स्थित शहीद कॉमरेड सफदर हाशमी स्मारक पर सगठन की एक अहम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल प्रधान ने की। इसका मुख्य मकसद 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल जन-रैली को ऐतिहासिक बनाना है। यह रैली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीआई (एम) की ओर से आयोजित की जा रही है।

सीवर ओवरफ्लो से लोगों को परेशानी

■ NBT रिपोर्ट, टीलामोड़ : टीलामोड़ की इंदिरापुरम आवासीय कॉलोनी में एक साल से लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान हैं। कॉलोनी में लोगों के घरों के आगे सडकों पर गदा पानी जमा हो गया है। इससे कॉलोनी के 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं। कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से घरों से बाहर पानी भरा हुआ है। लोग घर से निकलने में भी डर रहे हैं। वहीं, अधिकारियों ने कहा कि कॉलोनी में सीवर लाइन का काम तेजी से किया जा रहे है। काम तीन घरलों में हो रहा है। बैच में डैप लागू होने की वजह से काम रुक गया था।

गंगाजल के टैंकरों के बढ़ाए फेरे

■ NBT रिपोर्ट, खोड़ा : खोड़ा मे नगर पालिका परिषद मे लोगो को गर्मी से राहत देने के लिए कदम बढ़ाया है। इसमे विभाग ने पीने के पानी से राहत देने के लिए टैंकरो के फेरे बढ़ा दिए है। अब एक वॉर्ड मे दो की जगह 4 बर टैंकर जाएंगे। इसके लिए रोस्टर तैयार कर दिया है और इस लेकर जेईसेस के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी। खोड़ा मे लाखे की आबादी लबे समय से पानी की समस्या से जूझ रही है। 34 वॉर्ड मे जॉमग मे 70 टैकरो से गगाजल की आपूर्ति हो रही है। इस पर नगर पालिका ईओ शैलेद्र सिह ने बताया कि खोड़ा की आबादी को जब तक पाइपलाइन से पानी नही मिलता है तो नगर पालिका टैकर से ही पीने के पानी की समस्या को दू करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल वॉर्ड मे दो बर गगाजल का टैकर जाता है।

5 विकेट से जीती TPG क्रिकेट अकैडमी

■ NBT न्यूज, राजनगर एक्सटेंशन: टीपीजी क्रिकेट अकैडमी व एसएसजी क्रिकेट क्लब के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया। इसमे टीपीजी क्रिकेट अकैडमी 5 विकेट से विजयी रही। लक्ष्य खेल क्रिकेट ग्राउड पर प्रफेशनल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। 31.3 ओवर मे 147 रन बनाए। अभिनव सिह ने 33, रोहन ने 25 एव हर्ष कुशवाहा ने 20 व रोहित यादव ने 16 रन का योगदान दिया। टीपीजी क्रिकेट अकैडमी ने लक्ष्य अध्याय त्यागी के नाबाद 68 रनो की मदद से 25 ओवर मे 5 विकेट पर 150 रन बनाकर मैच जीत लिया। अन्य मे 41 रन का योगदान दिया। मौलिक मैन ऑफ द मैच रहे।

RRR सेंटर को लेकर किया जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने रविवार को ट्रिपल आर सेंटर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इसमे उसुधा जैन की तीन लोकेशन पर निगम की टीम ने अभियान चलाया। लोगो को यहा पर सामन छोटे करने और 311 ऐप के बारे मे भी जानकारी दी। लोगो को बताया गया कि वे कैसे इस ऐप के माध्यम से निगम मे ट्रिपल आर की सुविधा ले सकते है और सामन छोटे कर सकते है। इस पर सेंटर के सदस्यों ने बताया कि यहा पर लोग आकर सामन छोटे भी करते है और जरूरतमद लोग सामन लेकर भी जा रहे है। शिवालाल यहा पर किराये आई है, जिन्हे जरूरतमदों को छोटे किया जा रहा है। इसके साथ ही ज्यादे भी है, जो रोजना लेन आकर ले रहे है। यहा पर छोटे करने वाले व्यक्ति को पैंथ भी दिय जा रहा है, जिससे वे हरियाली का सदेश दे।

400 करोड़ खर्च, फिर भी प्रदूषण में हमारा शहर टॉपर

CREA की रिपोर्ट के बाद रेजिडेंट्स और पर्यावरणविदों में नाराजगी

NBT संवाद

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

लोगों का मानना है कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग और नगर निगम गंभीरता से जिम्मेदारी नहीं निभा रहे

इंडस्ट्रियल एरिया

ग्रीन बेल्ट

“ प्रदूषण के लिए एक अलग से मॉनिटरिंग सेल की जरूरत है। इसकी जिम्मेदारी उद्यान विभाग को देनी चाहिए, जिसका पर्यावरण से सीधा नाता है। प्रदूषण को डिजास्टर घोषित करें, तब जाकर लोगों को राहत मिलेगी। -आकाश पराशर, एडवोकेट व पर्यावरणविद, राजनगर

“ एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। इसको लेकर बहुत पहले सीपीसीबी ने निर्देश दिए थे। जिस तरह पैदिड्यो की संख्या है, उसी तरह ग्रीन बेल्ट और पार्कों की संख्या भी बढ़ाए। -सुशील राघव, आरटीआई एक्टिविस्ट और पर्यावरणविद, कड़कड़ गॉडल

“ मकैनिकल स्वीपिंग मशीन होने पर भी नगर निगम मैन्युअली झड़ू लगवाता है। यदि मशीनें कम है तो नगर निगम को इनकी संख्या मे इजाफा करना चाहिए। इसके कारण भी प्रदूषण होता है। -अमित कुमार, रेजिडेंट, द्रोनागिरि अपार्टमेंट

“ प्रदूषण काम करने के लिए लगातार काम कर रहे है। मशीनों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इस साल भी स्पिंकलर और नई मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन खरीदने की योजना है। -डॉ. गिरिलेश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

“ पौधरोपण कार्यक्रम केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गए है। दो गार्ड तक का इंतजेमात नहीं किया जा रहा। मै पर्यावरण बचाने के लिए लोगो को पौधे दे रहा हू। -दीपचंद गुलाटी, पर्यावरणप्रेमी, वसुधरा

“ जल्द ही एक्यूआई मॉनिटरिंग सिस्टम की सख्या बढ़ा रहे है। गाजियाबाद का एक्यूआई अधिक आया है उसपर भी सभी विभागो से बातचीत कर नई योजना बनाई जाएगी। हालाकि सीपीसीबी से अभी ऐसे कोई निर्देश प्राप्त नही हुए है। -अंकित सिंह, रीजनल ऑफिसर, यूपीपीसीबी

यूपीएससी की परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया 278वीं रैंक प्राप्त की

UPSC में वनज विद्यान ने बढ़ाया ज़िले का गौरव

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

वनज विद्यान ने शुक्रवार को यूपीएससी की परीक्षा 2025 में 278 वीं रैंक प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। उन्हें तीसरे प्रयास मे यह सफलता मिली। उन्होने बताया कि परीक्षा की तैयारी उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से की। परीक्षा की तैयारी के दौरान वे अपनी पढ़ाई भी करते रहे। वनज ने कहा कि यूपीएससी की परीक्षा तो संघर्ष करने लंबी लड़ाई है। परीक्षा में दबाव न हो, इसके लिए खुद को व्यस्त रखना जरूरी है। परीक्षा की तैयारी के साथ लो की पढ़ाई भी करता रहा, इससे परीक्षा का कोई दबाव नहीं रहा।

CM और CJI कर चुके सम्मानित : वनज भारतीय पुलिस सेवा व भारतीय राजस्व सेवा में जाना चाहते है। उन्होंने वर्ष 2023 मे डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय मे बीएएलएलबी किया। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। वर्ष 2025 में डीयू से एलएलएम किया तो उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। वर्ष 2025 मे दिल्ली के भारत मंडपम मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के अवार्ड से सम्मानित किया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए ही इस वर्ष 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति भवन में हुए रात्रि भोज में उन्हें भी आमंत्रित किया गया। वनज के पिता पंकज कुमार कृषि मंत्रालय में डायरेक्टर हैं वहीं मां वंदना रानी नापानी भाषा की एक्सपर्ट है। छोटा भाई वंशज न्यूक्लीयर साइंटिस्ट है।

अटल आवासीय स्कूल के लिए 218 बच्चों ने दी परीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : अटल आवासीय विद्यालय कौनू बुलंदशहर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा कराई गई। मेरठ मंडल के छह जिलों में आयोजित इस परीक्षा में कुल 225 सीटों के लिए 1617 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय में कक्षा 6 में 160 और कक्षा 9 में 65 सीटों पर प्रवेश होना है। जनपद गाजियाबाद में परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम बनाया गया था। पहले पत्र 218 छात्र-छात्राओं में से 201 ने परीक्षा दी जबकि 17 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कक्षा 6 के 101 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

परिषदीय विद्यालयों के स्टूडेंट्स संग होंगे अभिभावक सम्मानित

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए शासन व शिक्ष विभाग की ओर से कई तरह के कदम उठाए जा रहे हैं।

ऐसा ही एक कदम विद्यालयों को पुरस्कृत करने का है। 232 से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा। पीएमश्री विद्यालयों को छोड़कर 232 से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कराना होगा। इसके लिए प्रति विद्यालय 6500 रुपये आवंटित कर दिए गए हैं।

सुमित शुक्ला बने AOA अध्यक्ष, अंकित कोषाध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम

चुनाव में कुल 23 प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 उम्मीदवारों को विजय मिली

राजहंस कुटुंब अपार्टमेंट ओनर्स असोसिएशन (AOA) का चुनाव टिप्टी रजिस्ट्रार की तरफ से नियुक्त जिला बचत अधिकारी की देखरेख में एक मार्च को शातिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 23 प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 उम्मीदवारों को निवासियों ने चहुमत से विजयी बनाया। निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 8 मार्च को आयोजित किया गया। समारोह में सभी सदस्यों ने सोसायटी के विकास, पारदर्शिता और निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम करने की शपथ ली।

नई कार्यकारिणी में सुमित शुक्ला को अध्यक्ष, भुवन चंद्र भट्ट को उपाध्यक्ष, सतीश कुमार सुमन महासचिव, विकास मोहन सिंह संयुक्त सचिव और अंकित गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा जगदीश चंद, मेघन शर्मा, मृदुल अग्निवाल, डॉ. योगेंद्र कुमार और आशीष कुमार को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

सोसायटियों में वीमंस डे पर कार्यक्रमों की धूम

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एटीएस एडवांटिज सोसायटी में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। रस्साकशी के दौरान प्रतिभागियों ने जोश और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, दर्शकों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इसके अलावा महिलाओं ने गुब्बारे हवा में उड़ाकर एकजुटता और खुशियों का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हंसी-खुशी और मनोरंजन का माहौल बना रहा। असिस्टेंट जनरल मैनेजर अध्यक्ष सुमित चौधरी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य सोसायटी की महिलाओं को सम्मान देना और उन्हें एक मंच पर लाकर आपसी संबंध व सहभागिता को बढ़ावा देना है।

जिला कारागार में महिला बंदियों ने नाटक मंचन किया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : डासना स्थित जिला कारागार में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला बंदियों ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया। महिला बंदियों के लिए मेहदी और रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि महिलाओं की समाज के निर्माण और विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे कार्यक्रम उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था इंडिया विजन फाउंडेशन के सहयोग से महिला बंदियों को हाइजीन किट वितरित की गई। कार्यक्रम में जेलर केके तैकित, डिप्टी जेलर अविद कुमार, बीरन पांडेय, विजयलक्ष्मी गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

ITS कॉलेज में विचार गोष्ठी

■ NBT न्यूज, मुरादनगर : आईटीएस कॉलेज में महिला दिवस पर गोष्ठी में भारतीय फिजियोथेरेप्सिट संघ की अध्यक्ष डॉ. पूजा मेठी मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहीं। उन्होंने शारीरिक समस्याओं तथा उनके उपचार में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया।

35 पुरुष, 37 महिलाओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को विरजीव विहार, सेक्टर-1 में अपोलो अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जाच विविर लगाया। 35 पुरुष, 37 महिलाओं ने जाच कराई।

नर्स और डॉक्टरों को किया सम्मानित

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न अस्पतालो मे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महिला डॉक्टरो, नर्सों और स्वास्थ्य कार्मियो को सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोजपुर मे महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भोजपुर सुरेखा सिह ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिए

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विजास भवन स्थित दुर्गादेवी सभागार में एक कार्यक्रम हुआ। अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने वाली 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिला संयुक्त अस्पताल का निरीक्षण

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : जिला संयुक्त अस्पताल मे एडवांस स्टडेड के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। डीसीएच की टीम मे महिला समेत दो डॉक्टर हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर प्रति सहल प्रति बेड 20,000 रुपये मिलेंगे। रविवार को टीम ने पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थियेटर (ओटी) और लेबर रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लैब में जांच की व्यवस्था, साफ-सफाई और उपकरणों की स्थिति की जानकारी ली गई।

कई कॉलोनियों में 6 घंटे तक रही बत्ती गुल

■ NBT न्यूज, मुरादनगर

गर्मी आने से पूर्व ही बिजली की किल्लत होनी शुरू हो गई है। रविवार को आधे शहर को छह घंटे बिजली गुल रही। सुने श्यम विहार फेज 1, 2, 5, शिवम विहार, फ्रेंड्स कॉलोनी, शंकर विहार, ईएगढ़ बस्ती, चौड़ा सड़क, मुरगंज कॉलोनी व ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ प्रथम एसयी चदन का कहना है कि रविवार को अचानतनगर, काकड़ा, हसौनपुर, रावली कलां बिजली पर में मरम्मत का कार्य होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही थी। बाद में आपूर्ति को सुचारु रूप से चलाया गया।

ट्रांस हिंडन में रही ट्रिपिंग की समस्या

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

ट्रांस हिंडन में रविवार को वैशाली, वसुंधरा से लेकर इंदिरापुरम में दिनभर में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। लोगों ने शिकायत की है कि छुट्टी वाला दिन पूरी तरह बर्बाद रहा। इलाकों में 3-4 घंटे की कटौती हुई।

कई बार बिजली निगम में शिकायत भी की लेकिन फायदा नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि रविवार को अघोषित बिजली कट लगे। इसकी सूचना नहीं दी गई थी। लोगों का आरोप है कि कार्यालय में भी कॉल किया गया लेकिन विभाग की ओर से कॉल नहीं उठाया गया जिससे समस्या हुई। वैशाली निवासी अनुप कुमार का कहना है कि यहां पर रुक रुककर कई बार बिजली कट लगे। इससे बिजली उपकरण फुंकने का भी खतरा रहा। लोगों का कहना है कि विभाग अब हाल में बिजली कट लगने की सूचना नहीं देता है। इससे समस्या होती है और लोग इसके लिए तैयार भी नहीं होते हैं। वहीं इस पर खैफ इंजीनियर पवन अग्रवाल का कहना है कि इसे ठीक किया जाएगा। यदि सुधरना नहीं तो जल्द ही इसे सब स्टेशन से इसकी रिपोर्ट मांगी जाएगी।

वैशाली, वसुंधरा से लेकर इंदिरापुरम के निवासी बोले- छुट्टी वाला दिन पूरी तरह बर्बाद रहा। 3 से 4 घंटे तक लगते रहे कट

लटक रहे बिजली के तार, खंभों की मांग

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : गाव रोरी के लोगों ने ऊजा निगम के अधिशासी अभियता से बिजली पोल लगवाने की माग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जगल में जा रही बिजली की लाइन के बीच खंभों की दूरी अधिक है। इसके चलते तार लटक रहे हैं। अधिक्षेत्र जगह तार जमीन तक पहुच गए है, जिस कारण करंट की घटने मे आकर हादसे का खतरा बना हुआ है। अधिशासी अभियता ने मौके पर जाच कराकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। परिवीर आर्य, गगाराम, सरोज, प्रमोद, सुधीर कुमार, सुनील कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

UGC का विरोध करने वाले व्यापारी 5 घंटे तक नज़रबंद

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली में रविवार को होने वाले यूजीसी के नए नियमों में होने वाले प्रदर्शन को देखते हुए कई लोगों को नजर बंद किया। इसमें व्यापार मंडल के सदस्य भी प्रमुख रूप से शामिल रहे। वैशाली व्यापार मंडल के अनिरुद्ध वशिष्ठ और जिलाध्यक्ष युद्ध उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल गाजियाबाद के धनेश सिंघल इसमें मुख्य रूप से शामिल रहे। धनेश सिंघल ने बताया कि दिल्ली में यूजीसी के नियमों में किए जा रहे परिवर्तन के विरोध में देशभर से लोग शामिल हो रहे है। उस प्रदर्शन में हम भी शामिल न हो सके इसलिए करीब 4-5 घंटे तक उन्हें हाउस अरेस्ट किया।

फटाफट खबरें

कार सवार को पीटा, शीशे भी तोड़े

■ **NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद :** राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में होली के बाद घर लौट रहे युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर उसकी कार का शीशा तोड़ दिया। मसूरी सिटी स्वेयरवी निवासी वैरव चौधरी ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। चौधरी ने बताया कि वह चार मार्च को अपने दोस्त के यहां होली मनाने राजनगर एक्सटेंशन गए थे। वहां राजनगर एक्सटेंशन स्थित आरमी रसोई रेस्तरां के पास कुछ अनजान लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली। आरोपियों ने बिना किसी वजह के उसके साथ गाली-गलौज की। उन्होंने विरोध किया मारपीट करने लगे। इस दौरान किसी तीस वस्तु से आरोपियों ने उनके ऊपर हमला किया गया, जिससे उन्हें चोट आई।

संदिग्ध हालात में किशोरी लापता

■ **NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद :** मधुबन बापूधाम क्षेत्र निवासी किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। मामले में किशोरी के पिता ने थैर के समुद्राय के युवक पर बेटी को शादी के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में किशोरी के पिता का कहना है कि उनकी 15 वर्षीय बेटी छह मार्च की सुबह करीब छह बजे घर से बिना किसी को बताए चली गई। आरोप है कि समर उर्फ फैजन नाम का युवक उनकी बेटी को शादी के लिए उकसा रहा था।

गाली-गलौज के विरोध पर पीटा

■ **NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद :** नंदग्राम क्षेत्र के सिकरोड़ गांव में दुकान पर बैठे एक व्यक्ति के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। ग्रामीण गुलाब सिंह ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। गुलाब सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को वह अपने गांव में स्थित दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले नूनपाल, सावर और उनके अन्य सहियों के साथ पहुंचे। आरोप है कि सभी ने बिना किसी बात के उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की।

पति से कहासुनी के बाद जान दी

■ **NBT न्यूज, लपुड़ :** थाना सिम्भावली क्षेत्र में देर रात पति से सब्जी को लेकर हुई कहासुनी के बाद देर रात पत्नी ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली। देवली गांव निवासी जितेंद्र की शादी 11 साल पूर्व शिक्षा से हुई थी। पति जितेंद्र ने बताया कि श्रमिक को वह खेतों से काम करके घर लौटा था। उसने पत्नी से सब्जी के साथ रोटी मांगी, लेकिन शिक्षा ने सब्जी की जगह घटने के साथ रोटी दे दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद वह और बच्चे सो गए। रात में किसी समय शिक्षा (30) ने कमरे के अंदर फंसी लगाकर आत्महाया कर ली।

बदमाशों ने मांगी दो लाख की रंगदारी

■ **NBT न्यूज, लोनी :** लोनी बॉर्डर थाना एरिया के टीला रहबानपुर गांव में रहने वाले दो महेश कुमार और श्यामबीर ने गांव के ही हिस्ट्रीशीटर बदनाश और उसके परिजनों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस और विधायक नंदकिशोर गुर्जर को करने की बात कही तो हिस्ट्रीशीटर ने विधायक को भी जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शिकायत पर हिस्ट्रीशीटर जाकिर, उसके भाई ताजी, अब्बास, भौजे जुबैर और भांज आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बेसमेंट में छिपे चोर को लोगों ने दबोचा

■ **NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद :** नंदग्राम क्षेत्र की टैविका रेसाइडेंसी सोसाइटी के बेसमेंट में छिपे चोर को रविवार सुबह गार्ड ने लोगों की मदद से दबोच लिया। लोगों का कहना है कि आरोपी से चोरी का सामान, गंजा, सिलेंडर आदि सामान बरामद हुआ। सुरुआती पूछताछ के दौरान चोर ने अपना नाम अमन बताया, लेकिन कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसने अपना नाम पिलखुवा निवासी रशिद बताया। लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

युवती के बैग से लैपटॉप व पर्स चोरी

■ **NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद :** गाजियाबाद जंक्शन पर नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस से उतरी युवती के बैग से लैपटॉप और पर्स चोरी हो गया। पर्स में डेबिट कार्ड, आधार व पैन कार्ड, कैश समेत अन्य कीमती दस्तावेज थे। मामले में युवती ने सात मार्च को विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में अर्चना, गैर सिटी-दो निवासी निकिता सिंह ने बताया कि दो मार्च को सात करीब सवेरे आठ बजे वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-चार पर उतरी थी।

स्टेशन के सुस्त काम पर यात्रियों का गुस्सा वायरल

दो साल में होना था पुनर्निर्माण, अब तक अधूरा, एक्स पर जताई नाराजगी

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण अमृत भारत योजना के तहत अप्रास्त 2023 में शुरू हुआ था। इसे दो साल में पूरा करना था, लेकिन तीन साल बाद भी 35 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य के कारण स्टेशन के आसपास की सड़कों की हालत खराब हो गई है। धूल उड़ने से प्रदूषण भी फैल रहा है। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाराजगी जताते हुए जल्द काम पूरा कराने की मांग की है।

सोशल मीडिया पर आशीष शर्मा ने लिखा है कि रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण किया रहा है, लेकिन प्रशासन का ध्यान दूसरे प्रोजेक्ट्स पर है, जबकि स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना होता है। ऐसे में स्टेशन के काम पर अधिक ध्यान देना चाहिए, ताकि समय पर कार्य हो सके। अब तक 50 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हो पाया है। उड़ती धूल और सड़क पर बने गड्ढे यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। वहीं, अभिनव प्रताप ने लिखा है कि सड़क पर उड़ती धूल से प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे सांस लेना भी भारी पड़ रहा है। गहरे जलभराव के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही है। आसपास के लोग कई बार शिकायत दे चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण यह समस्या लंबे समय से है।

337 करोड़ रुपये खर्च किए जाने है पुनर्निर्माण में

23% बजट ही मिला है अब तक

190 से ज्यादा पेड़ भी काटे गए इस प्रक्रिया में

96 नए क्वार्टर बनाए जाएंगे योजना में

यह निर्माण हो रहा

पुनर्निर्माण में करीब 337 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। इससे मल्टी-लेवल पार्किंग, स्टेशन परिसर के अंदर बसों के लिए डेडिकेटेड लेन, एक सिग्नल ट्रेनिंग स्कूल और 96 नए क्वार्टर शामिल हैं। अब तक करीब 23 प्रतिशत बजट ही मिला है। पुराने क्वार्टर और सहायक ढांचों को गिराने का काम पूरा हो चुका है। इस प्रक्रिया में 190 से ज्यादा पेड़ भी काटे गए। अब तक काम ज्यादातर स्टाफ क्वार्टर और बाहरी एरिया तक ही सीमित रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य एक मॉडल स्टेशन को तीन मंजिला आधुनिक कॉम्प्लेक्स में बदलना है।

बदली जाएगी कार्यदायी संस्था

रेलवे प्रवक्ता का कहना है कि कार्य धीमी गति से चल रहा है। इसके लिए एक बार कार्यदायी संस्था को बदलने की बात भी कही गई है। हालांकि, जल्द ही स्टेशन का काम पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है।

हिंडन डैम पर टूटी-जर्जर जालियों से जोखिम में राहगीरों की जान

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

जिले के लाखों लोगों के लिए हिंडन डैम का सफर अब सहूलियत नहीं, बल्कि हादसे का सबब बन चुका है। रोजाना यहां से गुजरने वाले नौकरीपेशा लोग, स्कूली बच्चे और परिवार जान हथेली पर रखकर चलते हैं। हाल ही में यहां लोहे की जाली गिरने से 10-15 लोग लहूलुहान हो गए, जिनमें मासूम बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। जनता का आरोप है कि अधिकारियों को आम आदमी की जान की कोई कीमत नजर नहीं आती। डैम पर लगी जालियां टूटकर लटकी हुई हैं। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय नागरिक नंद नेगी ने बताया कि मैंने देखा कि कैसे अचानक लोहे की जाली गिरी और लोग दब गए। चीख-पुकार मच गई, बच्चे सहम गए। अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो शायद किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

नौकरशाही की बेरुखी और मंत्री से गुहार

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने दर्जनों बार संबंधित विभागों के चक्कर काटे, लेकिन फाइलों के बोझ तले दबे अधिकारियों के पास जनता की सुरक्षा के लिए समय नहीं है। अब लोगों ने इस विषय के मंत्री से अपील की है कि मामले को संज्ञान में लें और जर्जर हिंडन डैम के कायाकल्प के लिए तुरंत ऑटेज जारी करें, ताकि कोई और परिवार बिखरने से बच सके।

हिंडन डैम पर पूर्व में हुए हादसे में 10-15 लोग घायल हो गए थे

क्या है जनता की मांग

- डैम के पूरे स्ट्रक्चर का तुरत सेफ्टी ऑडिट कराया जाए।
- जग लगी और ढीली हो चुकी लोहे की जालियों को तुरत बदलकर नई जाली लगाई जाए।
- रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो, ताकि अंधेरे में कोई हादसे न हो।
- लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

प्लॉट बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये हड़पे, दंपती पर केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

सिहानी गेट क्षेत्र में प्लॉट बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये से अधिक की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप एक दंपती पर है। आरोप है कि आरोपियों ने बाद में एग्रीमेंट भी रद्द करा दिया। मामले में दिल्ली के नाईजल निवासी गगन तंवर ने सिहानी गेट थाने में प्रमोद कुमार और उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शिकायत में दिल्ली के नाईजल निवासी गगन तंवर ने बताया कि उन्होंने सेक्टर नोएडा के गम्भ-एक निवासी प्रमोद कुमार और उनकी पत्नी से कुल 26 लाख रुपये में मधुबन बापूधाम स्थित फ्लैट खरीदने का सौदा किया था। 30 नवंबर 2012 को करीब 15.57 लाख रुपये एडवांस दिए थे। गगन का कहना है कि आरोपियों के कहने पर उन्होंने बाद में भी कई बार भुगतान किया। आरोप है कि इसके बाद भी अलग-अलग किस्तों में करीब सात लाख रुपये दिए। ऐसा करके आरोपियों ने तय रकम से ज्यादा रकम ले ली। इसके बावजूद प्लॉट का बैनामा कराने को तैयार नहीं है। आरोप है कि आरोपियों ने मिलीभगत से उनकी पावर ऑफ अटॉर्नी कूटरचित तरीके से निरस्त करा दी है। रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो प्रमोद कुमार और उनकी पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और पत्नी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। एसपी नंदग्राम निवारहीन अहमद ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

फ्लैट दिलाने के नाम पर सवा 7 लाख ठगे

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** नंदग्राम क्षेत्र में फ्लैट दिलाने के नाम पर हेड कॉन्स्टेबल से सवा सात रुपये की धोखाधड़ी हुई है। मामले में हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार ने हैसीपी सिटी से शिकायत कर नंदग्राम थाने में धर्मेंद्र कुमार शर्मा, मजेंद्र कुमार शर्मा, वैभव मेंयल और वैरव मुख के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में अरैया निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में उनकी तैनाती नवर कोतवाली गाजियाबाद में है। 11 अक्टूबर 2012 को राजनगर एक्सटेंशन स्थित अफामिया एन्क्लेव में टावर-बी में दूसरी मंजिल पर थी-बीएचके फ्लैट बुक कराया था। बिल्डर फर्म को करीब सात लाख 26 हजार रुपये दे दिए थे, लेकिन आज तक फ्लैट पर कब्जा नहीं मिला सका है।

टेंडर का झांसा दे 20 लाख की धोखाधड़ी

■ **NBT रिपोर्ट, टीएनए :** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में टेंडर दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। कारोबारी की मुलाकात आरोपी से एक जिम में हुई थी, जिसे बाद दोनों की दोस्ती हो गई। वाराणसी में टेंडर दिलाने के नाम पर दूसरे साथी के खाते में 20 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए, फिर इन रुपयों को आपनी पत्नी के दो खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में आरोपी ने बताया कि टेंडर मिलने में दिक्कत हो रही है। इसके बाद पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। स्वारिलक अपार्टमेंट राजेंद्र नगर के रहने वाले विवेक कुमार की शिकायत पर 7 मार्च को पुलिस ने सुमित निवासी पर भोपुरा केस दर्ज कर लिया है।

गैस कनेक्शन अपडेट करने की बात कह ठगा

■ **NBT रिपोर्ट, टीएनए :** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स को गैस कनेक्शन अपडेट कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने खाते से 3 लाख 88 हजार रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने एक लिंक भेजकर 10 रुपये सरकारी फीस जमा करने के लिए कहा था, जैसे पीड़ित ने लिंक खोलकर खाते की डिटेल भरी मोबाइल हैक हो गया। पीड़ित ने उनके के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वैशाली प्लैटिनम हाइट्स सोसायटी निवासी राकेश उर्मे ने बताया कि 12 फरवरी को उनके फोन पर एक मेसेज आया। मेसेज में आईजीएल गैस बिल अपडेट करने की बात थी।

घर में घुसकर छेड़छाड़, विरोध में दंपती को पीटा

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** मधुबन बापूधाम क्षेत्र के सदरपुर में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और विरोध पर पति पर हमला करने का मामला सामने आया है। मामले में महिला ने छह मार्च को केस दर्ज कराया है। शिकायत में महिला ने बताया कि

बताया कि	मधुबन बापूधाम
दो मार्च को	थानाक्षेत्र के
रितेश,	सदरपुर की
प्रमोद और	घटना, तीन
पप्पू नाम का	युवकों के
युवक शराब	खिलाफ केस
के नशे में	

उनके घर का दरवाजा खटखटाने लगे। आरोपियों ने गेट खोल लिया और अंदर घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपियों ने मारपीट की। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसीपी कविनगर मुर्यकली मौर्य का कहना है कि मामले में शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

नाली से ईंट हटाने पर मां-बेटों से मारपीट

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद**

विजयनगर क्षेत्र में नाली से ईंट हटाने को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। चार भाइयों ने एक महिला और उनके दो बेटों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुराना विजयनगर निवासी श्रेंजु शर्मा ने सात मार्च को विजयनगर थाने में धर्मेंद्र, पवन, जितेंद्र और बॉबी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शिकायत में श्रेंजु शर्मा ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले धर्मेंद्र और उसके भाइयों पवन, जितेंद्र व बॉबी ने गली की नाली में ईंट फंसा रखी थी। इसके कारण नाली का पानी आगे नहीं जा पा रहा था। उनके बेटे सागर शर्मा ने चार मार्च की रात नाली में फंसी ईंट निकाल दी। इससे नाराज होकर आरोपियों ने उन पर और उनके बेटे सागर, देव पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। एसीपी उषामना पंडेय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

युवक पर लाठी-डंडों और फावड़े से हमला

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** मसूरी क्षेत्र के गांव नाहल में मैसो को धारा डाल रहे युवक पर पड़ोस के तीन लोगों ने लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया। जाहिद ने थाने में राशिद, अनस और अंसलम के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जाहिद ने बताया कि छह मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर मैसो को धारा डाल रहे थे। उसी दौरान राशिद, अनस और अंसलम वहां पहुंच गए। तीनों ने लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया।

दिल्ली-मेरठ मार्ग पर भीषण जाम, रेंगते रहे वाहन

मोदीनगर में दिल्ली–मेरठ मार्ग पर रविवार को मोदीनगर में वाहनों के दबाव के कारण जाम लग गया। सड़क पर लंबी-लंबी कतारों में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति उस समय और विकट से गई जब लपुड़ रोड रेलवे फाटक बंद हुआ। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि फाटक बंद होने के दौरान कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ था। पुलिस ने पहुंचकर सामान्य करा दिया।

घरेलू सहायिका पर मकान कब्जा करने का आरोप

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** सिहानी गेट क्षेत्र में मकान कब्जाने, ब्लैकमेल करने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में जिला पंचायत सदस्य शोकेंद्र कुमार ने घरेलू सहायिका पर आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर सिहानी गेट थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में गांव पैंग निवासी शोकेंद्र कुमार ने बताया कि वह खोर नंबर-पांच से जिला पंचायत सदस्य हैं। 2019 से नेहरू नगर तृतीय स्थित मकान नंबर-25 के मालिक हैं। उन्होंने बताया कि मकान की देखभाल के लिए घरेलू सहायिका रुकमणि को रखा था। कुछ समय बाद उसने कब्जा कर लिया।

दिल्ली-देहरादून हाइवे पर बाइक में कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

■ NBT न्यूज, सोनी

दोनिका सिटी थाना एरिया में दिल्ली-देहरादून हाइवे पर शनिवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में मृतक के साथी खलिद की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, त्यागी मार्केट में रहने वाले 45 वर्षीय आबिद सोयाबीन चाप की सप्लाई करते थे। वह शनिवार को दिल्ली-देहरादून हाइवे से गढ़ी कटैल चौक की ओर आ रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे आबिद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पहुंची पुलिस ने आबिद को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, अंकुर विहार थाना एरिया के सभापुर अंतरराम के पास सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग 70 वर्षीय जयराम की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

पैदल जा रहे ट्रक ड्राइवर को कार ने उड़ाया

■ **NBT रिपोर्ट, टीएनए :** टीलामोड़ थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे ट्रक ड्राइवर को कार थालक ने उड़ाया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ड्राइवर को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। भाई की शिकायत पर पुलिस ने 7 मार्च को केस दर्ज कर लिया है। गांव धनवा, पोस्ट सोनगंव, जिला अंबेडकर नगर उप के रहने वाले ओम प्रकाश पाल ने दर्ज केस में बताया कि उनके भाई उप प्रकाश पाल पेशे से ट्रक ड्राइवर है। वह 4 मार्च को सुबह 5.30 बजे एचपी गैस का ट्रक लोड करने थाना क्षेत्र स्थित प्लांट आए थे।

NH-9 पर बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

■ **NBT न्यूज, लपुड़ :** थाना गदमुक्तेश्वर क्षेत्र में NH-9 पर एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। दिल्ली के बसंत विहार निवासी बॉबी (27) अपने दोस्त बहलोई निवासी विशाल (29 वर्ष) के साथ देर रात बाइक से सभल से दिल्ली जा रहे थे। गढ़मुक्तेश्वर में सीटल लॉ हैड के सामने उनकी बाइक अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों ने बॉबी को मृत घोषित कर दिया।

छत पर लगे मोबाइल नेटवर्क बूस्टर से आरआरयू चोरी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

वेव सिटी क्षेत्र के छज्जा बाजार डासना में मकान की छत पर लगे मोबाइल नेटवर्क बूस्टर से चोर कीमती उपकरण चोरी कर लिए। मामले में विनय कुमार ने वेव सिटी थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में विजय कुमार ने बताया कि वह मेसर्स टेलटोप इंफ्रास्टेक प्राइवेट लिमिटेड में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी एयरटेल नेटवर्क से जुड़े उपकरणों की देखरेख करती है। एयरटेल कंपनी के नेटवर्क बूस्टर का एक उपकरण छज्जा बाजार डासना में एक मकान की छत पर लगाया गया था। 10 फरवरी की रात करीब ढाई से साढ़े तीन बजे के बीच किसी अज्ञात चोरों ने नेटवर्क बूस्टर की आरआरयू (रेडियो रिसीवर यूनिट) डिवाइस चोरी कर ली। इस दौरान केबल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे नेटवर्क उपकरण को नुकसान पहुंचा। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मामले में सत मार्च को केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मोबाइल टावर से उपकरण चुराते दबोचा

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** सिहानी गेट क्षेत्र के मुकुटनगर में शनिवार तड़के मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करते बदमाश को दबोच लिया गया। मामले में सिहानी गेट थाने में मनोज कौशिक ने केस दर्ज कराया है। हसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद का कहना है कि फुटलाइ में पकड़े गए आरोपी की पहचान मोदीनगर क्षेत्र के फुफरान रोड धर्मपुरी निवासी हर्ष के रूप में हुई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

बदमाशों ने घर से कीमती सामान चुराया

■ **NBT रिपोर्ट, टीएनए :** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक घर का दरवाजा तोड़कर कीमती सामान सहित टैटिंग चोरी कर ली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। वसुंधरा सेक्टर-तीन निवासी अनुराम ने बताया कि एक मार्च को वह किसी काम से गए थे। इस दौरान चोरों ने मकान का गेट तोड़कर घर में लगी टैटी और कीमती सामान चोरी कर लिया। उनके घर पहुंचने पर उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद थाने में शिकायत दी।

महंगाई की मार कच्चे माल की सप्लाई कम होने से लागत बढ़ी, जिले में कई प्रॉजेक्ट्स के काम हो रही दिक्कत

ईरान युद्ध का इफेक्ट, प्लास्टिक 20 फीसदी महंगा

Akhandpratap.Singh
@timesofindia.com

■ **गाजियाबाद :** ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष ने निलामतौर्य अर्थव्यवस्था पर असर डालना शुरू कर दिया है। दिल्ली से सटे औद्योगिक हब गाजियाबाद में प्लास्टिक के कच्चे माल की कीमतों में 20 फीसदी उछाल आई है। इसका कारण खाड़ी देशों से होने वाली कच्चे तेल की सप्लाई में आई कमी है। प्लास्टिक का निर्माण मुख्य रूप से नैफ्था से होता है, जो कच्चे तेल का ही उप-उत्पाद है। ईरान-अमेरिका और इस्त्राइल युद्ध की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों पर संकट मंडरा रहा है, जिससे मालवाहक जहाजों का किराया और बीमा लागत बढ़ गई है। गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा का कहना है कि प्लास्टिक के दाम बढ़ने से माल महंगा हो गया है। डिमांड के हिसाब से सप्लाई कम आ रही है। वहीं, नगर निगम में पाइपलाइन से जुड़ा काम करने वाले ठेकेदार विशाल चौधरी बताते हैं कि जब टेंडर मिला था, तब पाइप सस्ते थे। अब 20 से 30 फीसदी मार्गी हो चुकी है, इसलिए काम करने में दिक्कत हो रही है। इस सेक्टर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जिले के करीब 50,000 से अधिक लोग जुड़े हैं, जिन पर छंटनी का खतरा है।



जिले में कारोबार और आर्थिक स्थिति

- **टर्नओवर :** गाजियाबाद में प्लास्टिक का कारोबार बहुत बड़ा है, जिसमें केवल कुछ प्रमुख कंपनियों का व्यक्तिगत टर्नओवर ही 50 से 100 करोड़ रुपये के बीच रहता है।
- **कच्चा माल :** जिले में हर साल सैकड़ों करोड़ रुपये का कच्चा माल (जैसे दाना, पीपै, पीढ़ेवरी) आता है। इसकी कीमतें मुगवत्ता के आधार पर 26 से लेकर 350 रुपये प्रति किलो तक होती हैं। जनवरी में कीमतों में 20% तक का उछाल आया है।
- **औद्योगिक इकाइयां :** प्लास्टिक से जुड़ी 3,000 से अधिक छोटी-बड़ी मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई इकाइयां पंजीकृत हैं।
- **प्रमुख क्षेत्र :** साहिबाबाद, कविनगर, बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, मोहन नगर और लोनी मुख्य केंद्र हैं।
- **उत्पाद :** यहां पाइप (PVC/CPVC), पैकेजिंग फिल्म, मोल्डेड फर्नीचर, घरेलू सामान और ऑटोमोटिव पार्ट्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 09-03-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZBP User: cci Time: 03-08-2026 22:36 Color:

फटाफट खबरें

कार से मोबाइल और कैश चुराया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : ट्रांसिम रिपब्लिक क्षेत्र में टक-टक रिंहेड के बदमाशों ने कार से मोबाइल फोन और कैश चोरी कर लिया। मामले में शाही नगर निवासी डॉ. अरुणिम ने ट्रांसिम रिपब्लिक थाने में रात मार्च को केस दर्ज कराया है। शिकायत में डॉ. अरुणिम ने बताया कि दो मार्च को वह कार से कमला हॉल अहराणा के पास दिल्ली की ओर जाने के लिए यू-टर्न ले रही थी। इसी दौरान दो युवक कार के पास आए और शीशा खटखटाने लगे। जैसे ही शीशा खोला तो एक युवक ने उनका आईफोन और पर्स निकाल लिया। पर्स में करीब पांच हजार रुपये थे।

झगड़ा सुनकर पहुंचे चालक को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, टीएच्य : टीला मेंड धना क्षेत्र की फतीलत कॉलोनी में झगड़ा होने का कारण पूछना टैक्सी चालक को भारी पड़ गया। अरोपियों ने उनकी पिटाई कर दी। पीड़ित के भाई ने दो नामजद समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फतीलत कॉलोनी निवासी विट्ठ चौधरी ने बताया कि उनका छोटा भाई विकास चौधरी टैक्सी चलाता है। 5 मार्च को सुबह करीब साढ़े 5 बजे वह टैक्सी लेकर कॉलोनी में आया। वहां झगड़ा होता देखकर भाई ने गली में खड़े एक युवक से उसका कारण पूछा। तभी गली में रहने वाले भोलू, उसके भाई रोहित और दो रिश्तेदारों ने विकास को लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

■ NBT रिपोर्ट, टीएच्य : डिंडिलुरम धना क्षेत्र में एक हिट एंड रन का मामला सामने आया है। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक मौके पर ही काफी देर तड़क पड़ा रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सतीश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर सिर में चोट लगने पर डॉक्टरों ने अधिक खून बहने की बात कही है। घायल के भाई ने 7 मार्च को थाने में केस दर्ज कराया है। मूलरूप से लखीमपुर खीरी निवासी मुलेठ आश्रयी ने दर्ज केस में बताया कि वह भतीजे महेंद्र आश्रयी के साथ न्यय खंड तीन मरुमनूसुर इंडिपुरम क्षेत्र में रहते हैं। 4 मार्च को भतीज अस्पताली रोपाल गया था।

मकान मालिकों ने लिया नकद किराया तो खैर नहीं

आयकर विभाग के रडार पर गौतमबुद्ध नगर के 50 हज़ार मकान मालिक

Dinesh.Mishra
@Timesofindia.com

■ **नोएडा:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में किराये पर घर लेने के मामले में नोएडा प्रदेश में सबसे ज्यादा मशहूर जगह है। आयकर विभाग के रडार से बचने के लिए यहां के मकान मालिक किरायेदारों से ऑनलाइन भुगतान नहीं लेते, सिर्फ नकद में ही किराया ले रहे हैं। एक तरफ ई-रिक्शा से लेकर गोलगप्पे वाले तक ऑनलाइन भुगतान धड़ल्ले से लेते हैं, दूसरी तरफ मकान मालिकों के इस रवैये से किरायेदारों को काफी दिक्कत होती है।

कानपुर के प्रधान आयकर आयुक्त ने आयकर विभाग नोएडा की जांच शाखा को ऐसे मकान मालिकों को रडार पर लेने के साथ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अप्रैल में इनके खिलाफ अभियान चलाने को कहा है ताकि कर चोरी को रोका जा सके। शुरुआती सर्वे के दौरान 50 हजार से ज्यादा ऐसे मकान मालिक हैं, जिन्होंने किरायेदारों के बारे में कोई न घोषणा नहीं की है और वे कर चोरी में शामिल हैं। एक अनुमान के अनुसार नोएडा में मकान मालिक किरायेदारों के बारे में सूचना न देकर एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की आयकर चोरी कर रहे हैं।

मिली थीं शिकायतें

नोएडा में किरायेदारों के भुगतान की टिक्कत को लेकर मकान मालिकों के खिलाफ यूपी के प्रधान आयकर आयुक्त को दोतरी शिकायतें मिली थीं। इनका प्रारंभिक परीक्षण करने के बाद अब ऑनलाइन भुगतान न स्वीकार करने वाले लोगों के खिलाफ आयकर विभाग की जांच शाखा को जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है अप्रैल से शुरू होने वाला यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। इस अभियान के दौरान आयकर विभाग AI की भी मदद लेगा।

सेक्टर-107 सबसे महंगा, दूसरे नंबर पर सेक्टर-74

देशभर से कामकाज के लिए नोएडा आने वाले लोगों को किराये के घर के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक वेबसाइट के मुताबिक, यहां सबसे महंगा किराया सेक्टर 107 में है, जहां 2 बीएचके के लिए 31400 रुपये है तो वहीं 3 बीएचके के लिए 69,900 रुपये रेट है। दूसरे पर सेक्टर 74 है जहां 2 बीएचके के लिए 25,200, 3 बीएचके के लिए 31,400 रेट है। तीसरे नंबर पर सेक्टर 137 है जहां 2 बीएचके का रेट 24,400 तो 3 बीएचके का 32 हजार रुपये है। चौथे नंबर पर सेक्टर-75 है, यहां 2 बीएचके का रेट 23,900 तो 3 बीएचके का 33,700 है। पांचवे नंबर पर सेक्टर 62 है जहां 2 बीएचके 20,700 3 बीएचके के लिए 27,600 रेट है। छठे स्थान पर ग्रेनो वेस्ट है जहां 2 बीएचके के लिए 18,200 और 3 बीएचके के 21,400 प्रति महीने किराया है। आखिरी नंबर पर है सेक्टर 151 है जहां 2 बीएचके के लिए आपको 15,400 देने है, तो वहीं 3 बीएचके 17,200 के आसपास देने पड़ते है। नोएडा में महंगे किराये की एक वजह यह भी है कि 11 हजार से ज्यादा कंपनियों में काम करने वाले आठ लाख कर्मचारियों में से आधे से अधिक किराये पर रहते हैं।

3000+ कारों की रैली, थैलेसीमिया-कैंसर के खिलाफ किया जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क से सुबह 6 बजे रैली शुरू हुई। शैलेश जैन, रमन जैन, स्वर्णिम जैन, सोनाली दुगर, शीतल दुगर, प्रिया जैन मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की एक नई मिसाल पेश की है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनइजेशन (JITO) की 'लेडीज विंग' ने थैलेसीमिया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशाल नैशनल कार रैली का आयोजन किया। 'ड्राइव फिट पर्पस' नाम की इस मुहिम ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि इसमें देश के 90 से ज्यादा शहरों की 3000 से अधिक कारों ने हिस्सा लिया। इस बड़ी उपलब्धि को 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में भी दर्ज किया गया है।

इस पूरे अभियान का नेतृत्व सोनाली दुगर और शीतल दुगर ने किया। सोनाली दुगर, जो जैतो एयेक्स की चेयरमैन इन-चार्ज हैं, उन्होंने इस पूरे प्रोजेक्ट की देखरेख की और संस्था के मुख्य उद्देश्यों को इस रैली के साथ जोड़ा। वहीं, जैतो लेडीज विंग की नैशनल चेयरपर्सन शीतल दुगर ने देशभर की महिला सदस्यों को एकजुट किया और इस आंदोलन को हर शहर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाली।

डिजिटल प्लैटफॉर्म पर भी मचाई धूम: इस आयोजन को सफल बनाने में जैतो एयेक्स के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी और प्रेसिडेंट विजय बंडारी का सहयोग रहा। लेडीज विंग की टीम-चेयरमैन जैन (वाइस चेयरपर्सन), सरला भुतोरिया और श्रुति मंडोत (सेक्रेटरी), कविता शाह (ट्रेजरर) और रचना कानूनगो (हेल्थ कन्वीनर), स्वर्णिम जैन (जैतो चेयरमैन, अलीगढ़), रमन जैन (नॉर्थ जोन चेयरमैन) और महावीर चपलोत (सेक्रेटरी जैतो एयेक्स) ने कई महीनों से इसकी तैयारी की थी।

यह अभियान केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इंस्टाग्राम पर इस कैंपेन को 3 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया। इस रैली का असली मकसद लोगों को यह बताना था कि अगर समय पर जांच हो, तो थैलेसीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों को रोका जा सकता है। यह रैली एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ बनाने के लिए बड़ा आंदोलन बन गई है।

दिल्ली में लीजा रे ने बढ़ाया उत्साह

रैली की शुरुआत दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क से सुबह 6 बजे हुई। मशहूर अभिनेत्री और खुद कैंसर को मात देने वाली लीजा रे ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने महिलाओं को बीमारी से लड़ने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली के इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में नॉर्थ जोन के चेयरमैन रमन जैन और जैतो एयेक्स के सचिव महावीर चपलोत की अहम भूमिका रही।

लग्जरी कारों से दिया जागरूकता का संदेश

इस रैली की एक खास बात यह थी कि इसमें लैम्बोर्गिनी, रोल्स-रॉयस, बेंटले, मर्सिडीज-मायबैक, रेंज रोवर, लेक्सस, मिनी कूपर और टोयोटा हिल्क्स जैसी महंगी और लग्जरी गाड़ियां भी शामिल थीं। इन शानदार गाड़ियों के काफिले ने सड़कों पर सबका ध्यान खींचा, जिससे थैलेसीमिया और कैंसर की जांच और समय पर इलाज का संदेश लोगों तक पहुंचा।

उद्घाटन 23 से 25 मार्च के बीच संभव

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 23 से 25 मार्च के बीच संभव है। सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार को पीएमओ से इस मामले में चिट्ठी मिली है। इसके बाद लखनऊ से सीनियर अफसरों ने जिला प्रशासन अधिकारियों को फार्मेशन की तैयारियां तेज करने के आदेश दिए हैं। बता दें कि एयरपोर्ट का प्रथम चरण के तहत 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां सभी तरह के उपकरण समेत अन्य बड़ी सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से हरी झंडी मिलने के बाद उड़ान के लिए नागरिक महानिदेशालय (डीजीसीए) से एयरोड्रम लाइसेंस जारी हो गया है। यह किसी भी एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान शुरू करने के लिए अंतिम कागजी औपचारिकता होती है। नोएडा एयरपोर्ट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रस्तावित है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएमओ को मिशेशन भी भेज दी। अधिकारिक तौर पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी न होने की बात कही है, जबकि एटीसी कार्यालय को लेकर अफसरों ने रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से युवक गंभीर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर कोतवाली क्षेत्र में पंटापुर पुल पर कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में रमेश सिंह ने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। गौतमबुद्धनगर के चिपयाना बुजुर्ग निवासी रमेश सिंह ने बताया कि हादसे के वक्त भाई कृपाल सिंह चार मार्च को बाइक से विनयनगर से गांव अटौर के भवानी एनक्लेव स्थित अपने घर जा रहा था। 24 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आशीदा का हेपेटाइटिस-बी का टेस्ट किया था, जिसमें वह नेगेटिव पाई गई थी। इसके बाद विभाग की ओर से उसे वैक्सीन भी लगाई गई। लेकिन 28 फरवरी को अचानक उसे उल्टी की शिकायत हुई। परिजन उसे इलाज के लिए नूंह के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल ने उसके सैंपल जांच के लिए गुरुग्राम की एक लैब में भेजे थे।

छांयसा गांव में 17वीं मौत

■ NBT न्यूज, हरयीन : छांयसा गांव में लगातार हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सनिवार रात गांव की 55 वर्षीय महिला आशीदा की हलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले 40 दिनों में गांव में यह 17वीं मौत बताई जा रही है। रविवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों को आशीदा की मौत की सूचना मिली, पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार

गुड़गांव में युवती पर फेंका तेजाब!

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : सुभाष नगर में रहने वाली 24 वर्षीय एक युवती पर रविवार को सिविल अस्पताल में तेजाब फेंके जाने का मामला सामने आया है। सरपैट में घायल युवती इलाज कराने पहुंची थी, इसी दौरान एक युवक ने पीछे से उस पर एसिड फेंक दिया। पुलिस जांच कर रही है।

Advertorial, Entertainment Promotional Feature

Enterटेनमेंट masalamix

साउथ के सितारों के साथ ऐक्शन करेंगे सलमान खान

सलमान खान ने अपनी अगली फिल्म साइन कर ली है। इस फिल्म की शूटिंग बैटल ऑफ गलवान के तुरंत बाद शुरू होगी। इसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तेलुगू फिल्ममेकर वामसी पैडिपल्ली डायरेक्ट करेंगे। इसमें सलमान के साथ साउथ के कई सितारे भी नजर आएंगे।

आमिर चाहते हैं बड़े पर्दे और OTT में संतुलन

आमिर खान ने OTT के बढ़ते दबदबे पर अपने विचार साझा किए हैं। एक इंटरव्यू में आमिर ने माना कि थिएटर में फिल्म रिलीज होने और उसके OTT पर आने के बीच घटता समय चिंताजनक है। आमिर ने कहा, 'यह अच्छी स्थिति नहीं है। मुझे लगता है कि एक सहज समझौता होना कहीं बेहतर है, लेकिन इस समय यह मुझे किसी भी नजरिए से सही नहीं लग रहा है।'

आमिर ने आगे कहा कि थिएटर और OTT की जरूरतों के बीच संतुलन बनाना एक ऐसा काम है जिससे आज हर जगह के फिल्म निर्माता जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बहुत सारे प्रोड्यूसर इसका सामना कर रहे हैं और सिर्फ हिंदी में ही नहीं। साउथ में भी, मैंने जिन बहुत से प्रोड्यूसर से बात की है, वे इस समस्या का सामना कर रहे हैं। अगर आप चाहते हैं कि थिएट्रिकल बिजनेस आगे बढ़े और हेल्दी रहे, तो आपको इसे प्रोटेक्ट करने की आवश्यकता है।' वह कहते हैं, 'मुझे लगता है कि आपको अलग-अलग मॉडल पर काम करने की जरूरत है। मीनस्ट्रीम फिल्में, जिनमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, उन्हें थोड़े लंबे विंडो की जरूरत होती है। धुरंधर जैसी फिल्म को इससे फायदा हुआ। मेरा यह भी मानना है कि कुछ बहुत बड़ी फिल्मों के थिएट्रिकल विंडो लंबे हो सकते हैं। शायद छोटी, एक्सपेरिमेंटल फिल्मों के लिए छोटे विंडो की जरूरत होती

यह अच्छी स्थिति नहीं है। मुझे लगता है कि एक सहज समझौता होना कहीं बेहतर है, लेकिन इस समय यह मुझे किसी भी नजरिए से सही नहीं लग रहा है

Colston Julian

नियम तय करना किसी रिश्ते की चाबी नहीं: सैफ

सैफ अली खान ने हाल ही में कहा कि रिश्ते में नियम तय करना कभी काम नहीं करता, बल्कि एक-दूसरे के प्रति भरोसा होना बहुत जरूरी है। सैफ ने एक पॉडकास्ट में बताया कि कैसे एक बार उन्होंने और करीना ने स्क्रीन पर इंटिमेसी (नजदीकी) को लेकर सीमाएं तय करने की कोशिश की थी। बकौल सैफ, 'ऐसी बातें होती हैं कि स्क्रीन पर कोई किसिंग नहीं होनी चाहिए, लेकिन इस तरह का अरेंजमेंट हमेशा सही नहीं लगता। हमने भी कुछ समय के लिए ऐसा करने की कोशिश की थी, लेकिन इसे संभालने का यह सही तरीका नहीं है। रिश्ते में भरोसा

करीना कपूर के साथ सैफ अली खान

'बाइक मुझे आज़ादी का अहसास कराती है'

ओंकार कुलकर्णी

मनोरमा सिक्स फीट अंडर, टोर, धूप जैसे फिल्मों से लेकर द फैमिली मैन और पाताल लोक जैसी सीरीज तक, गुल पनाग ने हर बार लीक से हटकर रास्ता अपनाया है। इससे इतर, गुल को एक और चीज जो बहुत पसंद है, वह है बाइक राइडिंग। गुल के लिए राइडिंग हॉबी नहीं है, बल्कि जीने का एक तरीका है जो आजादी और जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

'बाइक और मेरे बीच गहरा रिश्ता है'

गुल के लिए बाइक चलाने के कई मायने हैं। वह कहती हैं, 'मेरे लिए बढ़किंग जिम्मेदारी के साथ आजादी का सबसे बड़ा रूप है। और जब मैं 'जिम्मेदारी' कहती हूं तो इससे मेरा मतलब है खुद को सुरक्षित रखने का दायित्व। भारत में हमारी सड़कों पर अक्सर नियमों का पालन नहीं होता। जानवर सड़क पर आ सकते हैं। कोई बिना देखे लेन बदल सकता है। इसलिए आपको बहुत जागरूक और सावधान रहना होता है। हमें उस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि आखिर में खुद को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी आपकी ही है। साथ ही, बाइक राइडिंग सशक्तिकरण की भी जाहिर करता है। मैं बाइक से मिली तमाम सीखों को अपनी जिंदगी में अपनाती हूं।'

'सुरक्षा नियमों के बारे में सब सोचें'

गुल से अक्सर सुरक्षा को लेकर तमाम सवाल किए जाते हैं। इस पर वह कहती हैं, 'मुझे लगता है कि सभी राइडर्स को एक जैसे सुरक्षा नियमों के बारे में सोचना चाहिए, चाहे उनका जेंडर कुछ भी हो। यह सुरक्षा के नजरिए से बहुत जरूरी है। हमारी सड़कों की हालत और कई ड्राइवरों के रवैये को देखते हुए कभी-कभी टू-व्हीलर पर कम ध्यान दिया जाता है, जो बिल्कुल भी ठीक नहीं है। ऐसे में आपको अलर्ट रहना होगा। मुझे हमेशा से ही अंधेरा होने से पहले अपनी मंजिल पर पहुंचना पसंद है। मेरे लिए फ्लैट टायर बदलना या अंधेरे में ब्रेकडाउन से निपटना बिल्कुल भी मजेदार नहीं है। मैं सुबह जल्दी निकलना और दिन की रोशनी में ही अपनी मंजिल पर पहुंचना पसंद करती हूं।'

मैं सुबह जल्दी निकलना और दिन की रोशनी में ही अपनी मंजिल पर पहुंचना पसंद करती हूं

गुल पनाग



CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 09-03-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAFP User: cci Time: 03-08-2026 23:24 Color:

आमिर चाहते हैं बड़े पर्दे और OTT में संतुलन p4

NBT गाज़ियाबाद THA Times OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । सोमवार, 9 मार्च 2026

400 करोड़ खर्च, फिर भी प्रदूषण में हमारा शहर टॉप पर P2

हेल्पलाइन नंबर 24/7

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758
ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904
नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012
विद्युत विभाग इमरजेंसी
9193320115
डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546
फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

फटाफट खबरें

AOA के पूर्व बोर्ड सदस्यों पर प्रतिबंध

■ NBT रिपोर्ट, टीला मोड़ : शालीमर सिटी अपार्टमेंट ओनर्स असोसिएशन (AOA) की स्थगित जनरल बॉडी मीटिंग रविवार को सोसायटी के क्लब हाउस में आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में कमेटी वित्तीय गड़बड़ियां सामने आने के बाद सदन ने पूर्व बोर्ड के सभी सदस्यों पर 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इसके साथ ही उनकी सदस्यता रद्द करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बारे में पूर्व सचिव राजेश मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

युवक पर बंधक बनाने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : टीला मोड़ क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक पर एक युवती को अपहरण कर ठेढ़ साल तक बंधक बनाने और प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। भोपुरा निवासी महिला ने दावा कि ठेढ़ साल पहले उनकी 17 वर्षीय बेटी सदिग्ध हालत में लापता हो गई थी। महिला के मुताबिक, कुछ दिन पहले उन्हें पता लगा कि उनकी बेटी पलवैडा में है। सूचना पाकर वह परीक्षेत्र पहुंचीं और अपनी बेटी को घर ले आईं। महिला के मुताबिक, बेटी ने बताया कि शादीद सेक्सी उसका अपहरण कर ले गया था।

आरोग्य मेले में 3564 का इलाज

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में रविवार को स्वास्थ्य आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। 53 पीएचसी में कुल 3564 मरीजों का इलाज किया गया। सर्विलांस अधिकारी राकेश गुप्त ने बताया कि मेले में खांसी, जुकाम, बुखार, स्किन इंफेक्शन और आंखों में जलन की समस्या लेकर अधिक मरीज पहुंचे। मेले का उद्देश्य लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। मेले में सामान्य जांच के साथ ही मरीजों को दवाइयां भी दी गईं।

डेबिट कार्ड बदल चार लाख निकाले

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में डेबिट कार्ड बदलकर महिला के खाते से करीब चार लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। मामले में शाखकुज निवासी बीना सिंह ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। बीना सिंह ने बताया कि 22 फरवरी को उन्होंने अपना डेबिट कार्ड आऊपनी नहीं को दिया था। नहीन रुपये निकालने के लिए एटीएम पर गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से कार्ड बदल लिया। इसके बाद उनके खाते से कई बार में करीब चार लाख रुपये की अनधिकृत निकासी कर ली। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने कहा कि एटीएम बूथ व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

हैपी मॉर्निंग

जब मां मोबाइल रखने को कहे तो रख देना चाहिए...क्योंकि मां के पैरों में जन्नत के अलावा चप्पल भी होती है..

हमारा पता

एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साउिडाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader@timesofindia.com

भारत की जीत के बाद मनी दिवाली, लगे इंडिया-इंडिया के नारे

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए-गाजियाबाद

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल सोसायटियों में बड़ी स्क्रीनें पर देखा गया। भारत के 256 रनों का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 159 रन पर सिमट गया। भारत के जीतने के बाद सेक्टर पार्क से लेकर सोसायटी में हर तरफ तिरंगे लहराकर इंडिया-इंडिया और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग और सीनियर सिटिजन भी मैच का लुफ्त उठाते नजर आए। भारतीय टीम के हर चौके और छक्के पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंजता रहा। मॉल, रेस्तरां और सिंगिल सोसायटियों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

बिग स्क्रीनों पर जमी रहीं निगाहें

क्रिसिल रिपब्लिक की जीरो-7 सोसायटी, इंद्रप्रस्थ योजना कॉलोनी ब्लॉक-डी, शिप्रा सनसिटी रीसीशिया हाइट्स और वृज विहार सी ब्लॉक स्थित रामलीला मैदान में भी बड़े पर्दे पर मैच का सीधा प्रसारण किया गया। रामलीला मैदान में विशेष व्यवस्था की गई थी।

पटेल नगर

आरडीसी, राजनगर

Photos : Umesh Kumar

महागुन मॉशन-2

हाउस टैक्स में छूट का ऐलान तो किया, लेकिन नियम नहीं बताए

ये छूट नहीं आसान... बस इतना समझ लीजिए

Anup.Pandey
@timesofindia.com

■ गाजियाबाद : नगर निगम ने हाउस टैक्स में कई तरह की छूट देने का फैसला तो कर लिया, लेकिन इनका लाभ लोगों को कितना मिल पाएगा। इसे लेकर कन्फ्यूजन है। अधिकारी से लेकर पार्षद तक इस बात का स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे कि छूट पाने की पात्रता आखिर कैसे तय होगी। पार्षद कह रहे हैं कि कब छूट मिलती है और उसका लाभ कैसे मिलेगा, वह लोगों को बता नहीं पा रहे हैं। निगम जो छूट पहले से दे रहा है उसमें नई को मिला दें तो भी लोगों को पुरानी दरों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा हाउस टैक्स देना पड़ेगा। बता दें कि निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ कि मकान की उम्र के आधार पर हाउस टैक्स में छूट दी जाएगी। इसके तहत 10 साल पुराने मकान पर 25, 10 से 20 साल पुराने मकान पर 32.5 और 20 से 40 साल पुराने मकान पर 40 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है।

कई तरह की शर्तें होने से बढ़ा संशय

यह भी मुद्दा उठाया

मेयर ने यह भी सवाल उठाया कि जिन लोगों का मकान पुराना है, उन्हें तो राहत दे रहे हैं, लेकिन जिन लोगों ने नया मकान बनाया है, उनका क्या गुनाह है। इस पर अधिकारियों ने एक्ट का हवाला देते हुए किसी की एक नहीं सुनी।

सर्टिफिकेट कैसे भी तय नहीं मानक: निगम ने मूख और गीला कूड़ा अलग करने की शर्त को बढ़ावा देने के लिए भी 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया है। इसके लिए लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने का प्रमाणपत्र निगम से लेना होगा, लेकिन इसकी पात्रता कैसे तय होगी, इसके लिए स्पष्ट गाइडलाइन नहीं है। यह प्रमाण पत्र जेन कार्यालय से मिलेगा, लेकिन उससे पहले पार्षद या सफाई नायक कैसे इसे प्रमाणित करेगा, यह तय नहीं है। बोर्ड बैठक में एक राहत यह भी दी गई कि हाउस टैक्स ऑनलाइन जमा करने पर मिलने वाली छूट को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है।

सदन में यह भी सवाल उठा कि छूट का लाभ कमर्शल भवनों पर भी मिलेगा। मेयर ने साफ कह दिया कि यह एक्ट में नहीं है तो कमर्शल वालों को ज्यादातर छूट का लाभ नहीं मिलेगा।

मेयर ने ही इस व्यवस्था पर उठाए सवाल

अधिकारी नहीं दे पाए जवाब

मेयर के इन सवालों का स्पष्ट जवाब न तो अधिकारियों के पास है और न ही पार्षदों के पास। ऐसे में आशंका है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए भी कुछ लोगों को छूट का लाभ दिया सकता है। इसके लिए विभाग के चक्कर काटने का झंझट बढ़ेगा। ऐसे में ज्यादातर लोग बिना छूट ही हाउस टैक्स जमा करने को मजबूर होंगे।

बिलों में छेड़छाड़ की तो होगी FIR

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर निगम हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए अब सख्ती के मूड में है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग के अधिकारियों और टीम के साथ बैठक कर वसूली की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि हाउस टैक्स के बिलों में अनावश्यक छेड़छाड़ की शिकायत और साक्ष्य मिलने पर दोषियों के खिलाफ सीधे FIR दर्ज कराई जाएगी। अपर नगर आयुक्त अजनीश कुमार को रेवेन्यू समीक्षा बैठक करने और मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी जोनल प्रभारियों से कहा गया है कि वे अपने-अपने जोन में करदाताओं को हाउस टैक्स पर मिलने वाली छूट की जानकारी देकर जागरूक करें। 2025-26 वित्तीय वर्ष के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया हाउस टैक्स पर 12 प्रतिशत ब्याज लगना शुरू हो जाएगा। कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए 1 अप्रैल 2026 से हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

जो छूट सदन में पास हुई है, उसका लाभ एक ओर तो लोगों को मिलेगा। यह नई व्यवस्था है और कई छूट पहली बार नगर निगम में लागू हुई है। ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिसमें पारदर्शिता भी रहे और लोगों को परेशानी भी न हो।
विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त

मीट कारोबारी के ठिकानों और मिठाई की दुकान पर छापेमारी

करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी का मामला आया सामने

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : आयकर विभाग ने चौपला स्थित एक नामी मिठाई की दुकान पर छापेमारी की। यह दुकान लस्सी और मिठाइयों के लिए जानी जाती है। छापेमारी में सामना हुआ कि भीड़भाड़ वाले बाजार में मौजूद यह छोटी सी दिखने वाली दुकान सालाना करोड़ों रुपये का कारोबार कर रही है, लेकिन कागजों में इसे बेहद कम दिखाया गया। जांच में सामने आया कि एक ख़ास मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए टैक्स चोरी का बड़ा नेटवर्क चलाया जा रहा था। इसके साथ ही गाजियाबाद पुलिस ने मैट एक्सपोर्ट के बड़े कारोबारियों और उनके अंतरराष्ट्रीय हवाला कनेक्शन का भी पर्दाफाश किया है।

स्वॉरेस की दुकान में टैक्स चोरी का तरीका बेहद खतरनाक। जांच में पता चला कि यहां बिलिंग के लिए पेट-पूजा' (Pet-Pooja) नामक एक एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जा रहा था। यह ऐप इस तरह से डिजाइन किया गया था कि इसमें पीट किया गया बिलिंग डेटा एक निश्चित समय के बाद अपने आप डिलीट हो जाता था। ग्राहकों से पैसे तो पूरा लिया जाता था, लेकिन रिकॉर्ड से गायब होने के कारण आयकर रिटर्न में इनकम का बहुत कम करके दिखाया जाता था।

दुकान से समुता करने में लिए गए

मीट एक्सपोर्ट और हवाला कनेक्शन

आयकर विभाग की गाजियाबाद यूनिट सिर्फ मिठाई की दुकानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने मीट एक्सपोर्ट इंडस्ट्री के बड़े खिलाड़ियों को भी बेनकाब किया। डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स जो भारत के सबसे बड़े मीट एक्सपोर्टरों में से एक है, के यहां हुई जांच में हजारों करोड़ की अघोषित आय का पता चला। कुरैशी परिवार इस फर्म को चलाता है। चौंने से कैश मिलता था, उसे दिल्ली के चांदनी चौक के एक परिवार के जरिए भारत लाया जाता था। यह परिवार एक अंतरराष्ट्रीय हवाला नेटवर्क चला रहा था।

खोड़ा अग्निकांड में पुलिस ने दर्ज कराया केस

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : खोड़ा में इमारत में आग लगने के मामले में लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ आखिरकार पुलिस ने पांचवे दिन अपनी ओर से केस दर्ज कराया है। केस में बताया गया कि इस अग्निकांड में 23 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे, तीन लोगों की मौत हो चुकी है और 35 वाहन जल गए थे। अब केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी। उप निरीक्षक शशवीर सिंह ने आठ मार्च को दर्ज कराए केस में बताया कि बीरबल चौकी क्षेत्र में न्यू अंजलि कालोनी में सुनहरी रेजिडेंसी में तीन मंजिं की रात करीब 11 बजे आग लग गई थी। एसआई ने कहा कि घटना में लापरवाही बरताने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें।

इतने बड़ी घटना की एफआईआर पुलिस ने पांचवे दिन दर्ज की

200 की स्पीड में मोड़ी थी फॉर्च्युनर, कई बार पलटी

हवा हवाई रेस्तरां के पास शनिवार रात हुआ हादसा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : डीएमई पर मसूरी क्षेत्र में शनिवार रात फूटपुथ अनुसुग चौराहे से 200 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड में अचानक स्टेयरिंग मेड़ दी थी। इससे SUV कई बार पलटती हुई दिल्ली मेरठ साइड की ओर जा गिरी। गनीमत रही कि उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे से पहले अनुराग ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें वह परिवार पर आरोप लगाते हुए और मां से अपनी जन्म में बहुत प्यार देने की बात कहते दिखाई दे रहे है। पुलिस ने उन्हें मेरठ के सुभरती अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों से पता चला है कि देर रात उनके सोशल मीडिया पूटपुक साथी दिल्ली के निजी अस्पताल के लिए रेफर कराकर ले गए। वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। शनिवार को अनुराग चौधाल देहरादून से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान डीएमई पर उन्होंने अपने विडियो में फॉर द फाइनल राइस की बात कहकर कार की स्पीड तेज कर दी। करीब 200 की स्पीड पर कार दौड़ाने के बाद अनुराग ने कार स्टेयरिंग अचानक पूरा घुमा दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर कई बार पलटी और दूसरी साइड चली गई।

स्पीड में दौड़ाई कार

- हादसे से पहले अनुराग ग्रोमल ने बनाया विडियो
- मेरठ के सुभारती अस्पताल से दिल्ली ले जाया गया

20 लाख कैश के बदले थमाई नकली नोटों से भरी अटैची, केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

कमीशन पर नोट बदलाई करने वाले शख्स को कुछ लोगों ने 500 रुपये के नोट के बदले 20 लाख के नकली नोट थमाकर फरार हो गए। बीके पर अटैची की चाबी भूलने की बात कहकर आरोपी गए लेकिन वह वापस नहीं आए। पीड़ित ने जब अटैची खोलकर देखी, तो उसमें 20 लाख रुपये के नकली नोट थे। जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी। मामला 18 सितंबर 2025 का है।

पुलिस के मुताबिक, कासगंज, पटियाली निवासी आशीष चौहान बड़े नोटों के बदले छोटे नोटों को मार्केट में सप्लाई करते हैं और उसके बदले में दी प्रतिशत कमीशन लेते हैं। दर्ज केस में आशीष ने बताया कि 18 सितंबर 2025 को वह इंदिरापुरम में पेमेंट लेने आए थे। उनके पास बिहार के रहने वाले त्रिपुरारी मिश्रा का कॉल आया, जिनसे वह पहले भी मिल चुके हैं। त्रिपुरारी मिश्रा ने उन्हें 500 के नोटों के बदले 10, 20, 50 और 100 के नोट देने की पेशकश की। साथ ही दी प्रतिशत कमीशन देने के लिए भी कहा। आशीष ने कहा कि उन्हें त्रिपुरारी पर भरोसा हो गया। इसके बाद त्रिपुरारी अपने साथी होशियार सिंह और तीन अन्य के साथ उनके पास पहुंचे। उन्होंने त्रिपुरारी को 20 लाख का कैश दे दिया। बदले में त्रिपुरारी ने उन्हें एक अटैची दी और कहा कि उसमें छोटे नोट हैं। त्रिपुरारी ने अटैची ले उन्होंने कहा कि चाबी भूल गए, जिसके बाद वह चाबी लेकर आने की बात कहकर चले गए। पीड़ित ने कहा कि कुछ देर तक वह नहीं आए तो उन्होंने खोलकर देखा तो उसमें 10 और 20 के नोटों की गड्डी रखी हुई थी, जबकि नीचे बण्डों के खोलने के नकली नोट भरे हुए थे। पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने त्रिपुरारी को कॉल कर शिकायत की तो उसने पुलिस को शिकायत करने पर रुपये न देने और जान से मारने की धमकी दी। रुपये न मिलने पर पीड़ित ने रक्षा लोनी के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में केस दर्ज कराया।

वारदात

- 500 के नोटों के बदले 10, 20 और 50 रुपये के नकली नोट देकर फरार
- बड़े नोट देने के बदले दो प्रतिशत कमीशन लेता है पीड़ित

कुत्तों ने बच्ची पर किया हमला

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम : विधायक कॉलोनी में रविवार सुबह आवारा कुत्तों के झुंड ने 7 वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। यह घटना गली नंबर-5 प्लॉट प्लॉट नंबर-19 के सामने सुबह करीब 6 बजे हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची जैसे ही घर से बाहर निकली, वहां घूम रहे स्ट्रे डॉग के झुंड ने हमला कर दिया और उसे काटने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत कुत्तों को भगाया और बच्ची को बचाया। इसके बाद बच्ची को इलाज के लिए ले जाया गया। इस बारे में नगर निगम टीम का कहना है कि अभी तक उनके पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है।

कफ सिरप तस्करी में करोड़ों की संपत्ति ज़ब्त

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

प्रतिबंधित कोडिन कफ सिरप की कालाबाजारी और तस्करी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपियों और उनके परिजनों के नाम पर खरीदी गई करीब साढ़े 12 करोड़ की कीमत की संपत्ति को पुलिस ने जब्त किया। आरोपी विभोर गुप्ता और विशाल सिंह और इनके परिवार के लोगों का पांच साल की आय का ब्यौरा देखा गया तो सामने आया कि इनकी पांच साल में 9,08,86,082 रुपये की कुल आय हुई जबकि इन्होंने अपने व अपने परिवार के नाम 22,67,34,087 रुपये की संपत्ति अर्जित कर ली।

आय के स्रोतों की भी जांच चल रही

आरोप है कि तस्करी से अर्जित अवैध धन से ऐसा किया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की संपत्ति की पड़ताल कर रही है।

दीपावली निवासी और मुख्यालय थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इनकी पांच साल में 9,08,86,082 रुपये की कुल आय हुई जबकि इन्होंने अपने व अपने परिवार के नाम 22,67,34,087 रुपये की संपत्ति अर्जित कर ली।

प्रतिबंधित

- पांच साल में 9.08 करोड़ की आय और संपत्ति अर्जित कर ली 22.67 करोड़ की

एक कार, 20 लाख कैश, दो लैपटॉप, 10 मोबाइल, फार्मा सिम, मुहर व अन्य सामान बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने ट्रांसपोर्टर संतोष बहादुर समेत सौरभ त्यागी, शहाब, शिवकांत उर्फ शिव, श्रवण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपू यादव और मुरलीधर यादव को गिरफ्तार किया था। दीपीपी ने बताया कि सहारनपुर के शास्त्री नगर निवासी विभोर गुप्ता और विशाल सिंह ने सहारनपुर में जैआर ट्रेडिंग नाम से कंपनी पंजीकृत करा रखी थी।

समर स्लॉट की उड़ानों की अथॉरिटी को जानकारी नहीं

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : हिंडन एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन करने वाली दो प्रमुख निजी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने समर स्लॉट में जो बुकिंग करवाई थी, उसमें उड़ानों का संचालन नहीं किया। जबकि हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से बार-बार लेटर लिखकर समर स्लॉट में शुरू होने वाली उड़ानों की जानकारी मांगी जा रही है। पिछले एक साल में 25 से घटकर उड़ानों की संख्या 13 रह गई है। इसके बाद से ही हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी परेशान है।

स्वच्छता की ओर कदम नगर स्वास्थ्य विभाग 86 सोसायटियों और 35 संस्थानों को नोटिस करेगा जारी

निगम के नोटिस से पहले ही गीले कूड़े से बनने लगी खाद

Madhuri.Sengar
@timesofindia.com

■ टीएचए : इंदिरापुरम और वसुंधरा क्षेत्र में गीले कचरे के निस्तारण को लेकर नगर निगम सख्ती की तैयारी में है। हाल ही में नगर स्वास्थ्य विभाग ने इन क्षेत्रों की 86 सोसायटियों और 35 संस्थानों को नोटिस जारी कर गीले कूड़े के स्थानीय स्तर पर निस्तारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में दी महीने का समय दिया है। इसके बाद निगम इन सोसायटियों और संस्थानों से गीला कूड़ा उठाना बंद कर देगा। यदि सार्वजनिक स्थानों पर गीला कूड़ा फेंका गया तो संबंधित पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

जुर्माना

- नोटिस में दो महीने का समय, उसके बाद कूड़ा उठाना बंद
- इसके बाद गीला कूड़ा फेंकने पर लगेगा जुर्माना

सेक्टर-11 का हाल : निवासी नरेश शर्मा ने बताया कि सेक्टर के पार्क के एक कोने में गड्ढा खोदकर पेड़ों की सूखी पत्तियां और घरों की रसोई से निकलने वाले नैचिक कचरे को डालकर खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उनका उद्देश्य यह है कि कचरे का स्थानीय स्तर पर ही निस्तारण हो सके। इससे कचरे की मात्रा कम होने के साथ पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा।

गड्ढा खोदकर कचरे को डालकर खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू

इंदिरापुरम-वसुंधरा की सोसायटियों में इंतजार

यहां के कंपोस्ट पिट जर्जर

वसुंधरा और इंदिरापुरम के कई इलाकों में पहले बनाए गए कचरा निस्तरण पिट अब बेकार पड़े है। वसुंधरा सेक्टर-16 के निवासियों ने कहा कि शुरुआत में गीले कचरे के निस्तारण के लिए पिट बनाए गए थे, लेकिन अब उनका उपयोग नहीं हो रहा। कई जगह लोग उनमें सामान्य कचरा डालने लगे है, जिससे वे बेकार हो चुके है।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 09-03-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAPG2 User: cci Time: 03-08-2026 22:38 Color:

फटाफट खबरें

शिक्षक निर्वाचन को लेकर किया मंथन

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक एमएलएच इंटर कॉलेज में हुई। इसमें शिक्षक निर्वाचन को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद सिंह खटाना ने संचालन जिला मंत्री महेंद्र सिंह नागर ने किया। प्रांतीय सरक्षक महावीर प्रसाद त्यागी, मौहिया प्रभारी राजीव त्यागी, ओम प्रकाश, ओमपाल सिंह, पारस शर्मा, वीरेंद्र नागर, कपिल अग्रवाल, रेखा त्यागी आदि ने शिक्षक निर्वाचन को लेकर अपने सुझाव दिए।

खोड़ा की बदलेगी सूरत, अवैध होर्डिंग्स हटेंगे

■ NBT रिपोर्ट, खोड़ा : खोड़ा नगर पालिका परिषद की सूरत बदलने वाली है। नगर पालिका परिषद की टीम ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ सख्त अभियान चलाने का फैसला किया है। इस संबंध में इस सख्त पालिका परिषद की बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग हटाने को लेकर काम शुरू किया गया है। आगामी पांच दिनों में खोड़ा क्षेत्र से 100 से अधिक अवैध होर्डिंग हटाने का दावा है। नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक दीपक चौहान ने बताया कि मुख्य सड़कों, चौराहों, सरकारी भवनों के आसपास और बिजली के खंभों पर लगे होर्डिंग को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि होर्डिंग के कारण कई स्थानों पर यातायात प्रभावित होता है। अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मादड और डैजिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के साथ हुई समीक्षा बैठक के बाद लिया गया था। वहीं, नगर पालिका टीम ने स्पष्ट किया है कि अब क्षेत्र में नए होर्डिंग लगाने के लिए निर्धारित शुल्क जमा करना और एनओसी लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति लगे होर्डिंग को अवैध माना जाएगा।

कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर्स को दी विदाई

■ NBT न्यूज, खोड़ीपुरम : गिरधर डेल्फ पब्लिक स्कूल एच ब्लॉक में विदाई समारोह में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को रंगारंग कार्यक्रमों से विदाई दी। मिस्टर फेयरवेल और मिसेज फेयरवेल आकर्षण का केंद्र रहीं। स्कूल के डायरेक्टर राजीव रस्तोगी व प्रंसीपल स्कूल तथा प्रिंसिपल मोनिका सक्सेना ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बेबी शो के विजेताओं को किया सम्मानित

■ NBT न्यूज, राजनगर एक्सटेंशन: डिनिटा इंटरनेशनल प्री स्कूल में बेबी शो के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डाक्टर्स अवार्ड फंक्शन मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन राजेश्वर शर्मा ने किया। बेबी शो में बेस्ट बेबी आउटफिट, फोटोजेनिक बेबी, मोस्ट एक्टिव बेबी, इस प्रतियोगिता, कलरिंग एंड पेंटिंग एंड मास्क-वाइल्ड रैम्प वॉक आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

दिल्ली रैली को लेकर मंच ने कसी कमर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : दलितों और वंचितों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए दलित शोषण मुक्ति मंच (DSMM) ने एक बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को झंडापुर स्थित शहीद कॉमरेड सफदर हाशमी स्मारक पर संगठन की एक अहम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल प्रधान ने की। इसका मुख्य मकसद 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल जन-रैली को ऐतिहासिक बनाना है। यह रैली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीआई (एम) की ओर से आयोजित की जा रही है।

सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान

■ NBT रिपोर्ट, टीलमोड़ : टीलमोड़ की इंद्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी में एक साल से लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान हैं। कॉलोनी में लोगों के घरों के आगे सड़कों पर गंदा पानी जमा हो गया है। इससे कॉलोनी के 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं। कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से घरों से बाहर पानी भरा हुआ है। लोग घर से निकलने में भी डर रहे हैं। उन्हें, अधिकारियों ने कहा कि कॉलोनी में सीवर लाइन का काम तेजी से किया जा रहे है। काम तीन घंटों में हो रहा है। बैच में डैप लागू होने की वजह से काम रुक गया था।

गंगाजल के टैंकरों के बढ़ाए फेरे

■ NBT रिपोर्ट, खोड़ा : खोड़ा में नगर पालिका परिषद ने लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए कदम बढ़ाया है। इसमें विभाग ने पीने के पानी से राहत देने के लिए टैंकरों के फेरे बढ़ा दिए हैं। अब एक वॉर्ड में दो की जगह 4 बार टैंकर जाएंगे। इसके लिए रोस्टर तैयार कर दिया है और इसे लेकर जेईसेस के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी। खोड़ा में लाखों की आबादी लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रही है। 34 वॉर्डों में जॉनसन में 70 टैंकरों से गंगाजल की आपूर्ति हो रही है। इस पर नगर पालिका ईओ शैलेंद्र सिंह ने बताया कि खोड़ा की आबादी को जब तक पाइपलाइन से पानी नहीं मिलता है तो नगर पालिका टैंकर से ही पीने के पानी की समस्या को दूर करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल वॉर्ड में दो बार गंगाजल का टैंकर जाता है।

5 विकेट से जीती TPG क्रिकेट अकैडमी

■ NBT न्यूज, राजनगर एक्सटेंशन: टीपीजी क्रिकेट अकैडमी व एसएसएम क्रिकेट क्लब के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया। इसमें टीपीजी क्रिकेट अकैडमी 5 विकेट से विजयी रही। लक्ष्य खेल क्रिकेट ग्राउंड पर प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। 31.3 ओवर में 147 रन बनाए। अभिनव सिंह ने 33, रोहन ने 25 एवं हर्ष कुशवाहा ने 20 व रोहित यादव ने 16 रन का योगदान दिया। टीपीजी क्रिकेट अकैडमी ने लक्ष्य अध्याय त्यागी के नाबाद 68 रनों की मदद से 26 ओवर में 5 विकेट पर 150 रन बनाकर मैच जीत लिया। अन्या ने 41 रन का योगदान दिया। मौलिक मैन ऑफ द मैच रहे।

RRR सेंटर को लेकर किया जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने रविवार को ट्रिपल आर सेंटर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें उसुधा जैन की तीन लोकेशन पर निगम की टीम ने अभियान चलाया। लोगों को यह पर सामान ठोनेट करने और 311 ऐप के बारे में भी जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि वे कैसे इस ऐप के माध्यम से निगम में ट्रिपल आर की सुविधा ले सकते है और सामान ठोनेट कर सकते है। इस पर सेंटर के सदस्यों ने बताया कि यहा पर लोग आकर सामान ठोनेट भी करते है और जरूरतमंद लोग सामान लेकर भी जा रहे है। फिलहाल यहा पर किताबे आई है, जिन्हें जरूरतमंदों को ठोनेट किया जा रहा है। इसके साथ ही ज्यादे भी है, जो रोजाना लोग आकर ले रहे है। यहा पर ठोनेट करने वाले व्यक्ति को पौध भी दिय जा रहा है, जिससे वे हरियाली का संदेश दे।

400 करोड़ खर्च, फिर भी प्रदूषण में हमारा शहर टॉपर

CREA की रिपोर्ट के बाद रेजिडेंट्स और पर्यावरणविदों में नाराजगी

NBT संवाद

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

लोगों का मानना है कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग और नगर निगम गंभीरता से जिम्मेदारी नहीं निभा रहे

इंडस्ट्रियल एरिया

ग्रीन बेल्ट

"प्रदूषण के लिए एक अलग से मॉनिटरिंग सेल की जरूरत है। इसकी जिम्मेदारी उद्यान विभाग को देनी चाहिए, जिसका पर्यावरण से सीधा नाता है। प्रदूषण को डिजास्टर घोषित करें, तब जाकर लोगों को राहत मिलेगी। -आकाश पराशर, एडवोकेट व पर्यावरणविद, राजनगर

"एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। इसको लेकर बहुत पहले सीपीसीबी ने निर्देश दिए थे। जिस तरह पैदिट्रियो की संख्या है, उसी तरह ग्रीन बेल्ट और पार्कों की संख्या भी बढ़ाए। -सुशील राघव, आरटीआई एक्टिविस्ट और पर्यावरणविद, कड़कड़ मॉडल

"मकैनिकल स्वीपिंग मशीन होने पर भी नगर निगम मैन्युअली झाड़ू लगवाता है। यदि मशीनें कम है तो नगर निगम को इनकी संख्या में इजाफा करना चाहिए। इसके कारण भी प्रदूषण होता है। -अमित कुमार, रेजिडेंट, ट्रांसपिरी अपार्टमेंट

"पैचरोपण कार्यक्रम केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गए है। दी गार्ड तक का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। मैं पर्यावरण बचाने के लिए लोगों को पौधे दे रहा हूं। -दीपचंद गुलाटी, पर्यावरणप्रेमी, वसुधरा

"जल्द ही एक्यूआई मॉनिटरिंग सिस्टम की संख्या बढ़ा रहे है। गाजियाबाद का एक्यूआई अधिक आया है उसपर भी सभी विभागों से बातचीत कर नई योजना बनाई जाएगी। हालांकि सीपीसीबी से अभी ऐसे कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए है। -अंकित सिंह, रीजनल ऑफिसर, यूपीपीसीबी

यूपीएससी की परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया 278वीं रैंक प्राप्त की

UPSC में वनज विद्यान ने बढ़ाया ज़िले का गौरव

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

वनज विद्यान ने शुक्रवार को यूपीएससी की परीक्षा 2025 में 278 वीं रैंक प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। उन्हें तीसरे प्रयास में यह सफलता मिली। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से की। परीक्षा की तैयारी के दौरान वे अपनी पढ़ाई भी करते रहे। वनज ने कहा कि यूपीएससी की परीक्षा तो संघर्ष करने वाली लड़ाई है। परीक्षा में दबाव न हो, इसके लिए खुद को व्यस्त रखना जरूरी है। परीक्षा की तैयारी के साथ लो की पढ़ाई भी करता रहा, इससे परीक्षा का कोई दबाव नहीं रहा।

CM और CJI कर चुके सम्मानित : वनज भारतीय पुलिस सेवा या भारतीय राजस्व सेवा में जाना चाहते है। उन्होंने वर्ष 2023 में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से बीएएलएलबी किया। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। वर्ष 2025 में डीयू से एलएलएम किया तो उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। वर्ष 2025 में दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के अवार्ड से सम्मानित किया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए ही इस वर्ष 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति भवन में हुए रात्रि भोज में उन्हें भी आमंत्रित किया गया। वनज के पिता पंकज कुमार कृषि मंत्रालय में डायरेक्टर हैं वहीं मां वंदना रानी जापानी भाषा की एक्सपर्ट हैं। छोटा भाई वंशज न्यूक्लीयर साइंटिस्ट है।

हाथी पार्क इलाके में अवैध झुग्गियों से लोग परेशान

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : नीति खंड-1 स्थित हाथी पार्क इलाके में अवैध रूप से बनी झुग्गियों से स्थानीय लोग परेशान है। उन्होंने अप्रसन्नता की चिंता जताई है। कुछ दिन पहले ही नगर आयुक्त को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया था। शुरू से ही नीति खंड-1 में प्लॉट संख्या 366 से 397 तक का क्षेत्र एक आवासीय इलाका है। वहां गली के भूखंड संख्या 372, 373 व 391 पर अतिक्रमण रूप से झुग्गियां बना ली है। इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों की तरफ से बिना किसी वैध अनुमति के पानी और बिजली के कनेक्शन भी ले लिए गए हैं।

सुमित शुक्ला बने AOA अध्यक्ष, अंकित कोषाध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम

चुनाव में कुल 23 प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 उम्मीदवारों को विजय मिली

राजहंस कुटुंब अपार्टमेंट ओनर्स असोसिएशन (AOA) का चुनाव टिप्टी रजिस्ट्रार की तरफ से नियुक्त जिला बचत अधिकारी की देखरेख में एक मार्च को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 23 प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 उम्मीदवारों के निवासियों ने बहुमत से विजयी बनाया। निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 8 मार्च को आयोजित किया गया। समारोह में सभी सदस्यों ने सोसायटी के विकास, पारदर्शिता और निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम करने की शपथ ली।

नई कार्यकारिणी में सुमित शुक्ला को अध्यक्ष, भुवन चंद्र भट्ट को उपाध्यक्ष, सतीश कुमार सुमन महासचिव, विकास मोहन सिंह संयुक्त सचिव और अंकित गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा जगदीश चंद, मेघन शर्मा, मृदुल उनियाल, डॉ. योगेंद्र कुमार और आशीष कुमार को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

सोसायटियों में वीमंस डे पर कार्यक्रमों की धूम

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम: **अंतरराष्ट्रीय महिला** दिवस के अवसर पर एटीएस एडवांटिज सोसायटी में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। रस्साकशी के दौरान प्रतिभागियों ने जोश और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, दर्शकों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इसके अलावा महिलाओं ने गुब्बारे हवा में उड़ाकर एकजुटता और स्त्रीशक्ति का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हंसी-खुशी और मनोरंजन का माहौल बना रहा। ओरडब्ल्यू अध्यक्ष सुमित चौधरी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य सोसायटी की महिलाओं को सम्मान देना और उन्हें एक मंच पर लाकर आपसी संवाद व सहभागिता को बढ़ावा देना है।

ITS कॉलेज में विचार गोष्ठी

■ NBT न्यूज, मुरादनगर : आईटीएस कॉलेज में महिला दिवस पर गोष्ठी में भारतीय फिजिवेथेरेप्सिट संघ की अध्यक्ष डॉ. पूजा मेठी मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रही। उन्होंने शारीरिक समस्याओं तथा उनके उपचार में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया।

घर-परिवार की तरह ही पृथ्वी की देखभाल करने का आह्वान

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम : आंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति फाउंडेशन की ओर से रविवार को स्वर्ण जयंती पार्क में पर्यल सही वॉकथॉन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनरूकता फैलाना और लोगों को स्वच्छ व हरित वातावरण के लिए प्रेरित करना था। वॉकथॉन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पर्यल सही पहनकर भाग लिया। फाउंडेशन की फाउंडर व सेक्रेटरी अंजली प्रकाश ने कहा कि महिला दिवस केवल नारी शक्ति के उत्सव का दिन ही नहीं है, बल्कि यह समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने घर और परिवार की देखभाल करते है, उसी तरह हमें पृथ्वी की भी रक्षा करनी होगी।

स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया

■ NBT रिपोर्ट, सिद्धार्थ विहार : विश्व महिला दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ विहार स्थित एपेक्स केमलिन अपार्टमेंट के क्लब हाउस में भारतीय योग संस्थान की साधिकाओं की तरफ से योग साधना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भोजपुर सुधेना सिंह ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिए

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : आंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विजास भवन स्थित दुर्गादेवी सभागार में एक कार्यक्रम हुआ। अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने वाली 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कौशांबी डिपो में काम अभी शुरू नहीं

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : कौशांबी बस डिपो पर पीपीपी मॉडल का काम शुरू होने में अभी दो महीने और लगेगा। ऐसे में कौशांबी डिपो से लंबी दूरी वाली बसों को शिफ्ट होने में अभी समय है। वहीं, दूसरी तरफ कौशांबी परिवहन विभाग के कार्यालय में छोटी दूरी की बसों के लिए अस्थायी बस अड्डा बनाने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। आनंद विहार बस डिपो से 250 किमी से अधिक दूरी वाले बसों को शिफ्ट किया जाएगा। जबकि 250 और उससे कम दूरी वाली बसे कौशांबी परिवहन विभाग के कार्यालय में ही अस्थायी रूप से बस अड्डों के लिए प्लैटफॉर्म और नाले पर स्लैब डाले जा रहे है, उनका निर्माण किया जा रहा है। आनंद विहार बस डिपो से बसों के शिफ्ट पर होने के बाद पैसेंजर्स का किराया भी बढ़ेगा।

कई कॉलोनियों में 6 घंटे तक रही बत्ती गुल

■ NBT न्यूज, मुरादनगर

गर्मी आने से पूर्व ही बिजली की किल्लत होनी शुरू हो गई है। रविवार को आधे शहर को छह घंटे बिजली गुल रही। सुबे श्यामा विहार फेज 1, 2, 5, शिवम विहार, प्रेरणा कॉलोनी, शंकर विहार, ईदगाह बस्ती, चौड़ा खाईंन, मुरगंज कॉलोनी व ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ प्रथम एसपी चादव का कहना है कि रविवार को अप्रालतनगर, काकड़ा, हुसैनपुर, रावली कलां बिजली पर में मरम्मत का कार्य होने के कारण विधुत आपूर्ति बाधित रही थी। बाद में आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाया गया।

ट्रांस हिंडन में रही ट्रिपिंग की समस्या

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

वैशाली, वसुंधरा से लेकर इंदिरापुरम के निकासी गोले- छुट्टी वाला दिन पूरी तरह बर्बाद रहा। 3 से 4 घंटे तक लगते रहे कट

ट्रांस हिंडन में रविवार को वैशाली, वसुंधरा से लेकर इंदिरापुरम में दिनभर में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। लोगों ने शिकायत की है कि छुट्टी वाला दिन पूरी तरह बर्बाद रहा। इलाकों में 3-4 घंटे की कटौती हुई।

कई बार बिजली निगम में शिकायत भी की लेकिन फायदा नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि रविवार को अघोषित बिजली कट लगे। इसकी सूचना नहीं दी गई थी। लोगों का आरोप है कि कार्यालय में भी कॉल किया गया लेकिन विभाग की ओर से कॉल नहीं उठाया गया जिससे समस्या हुई। वैशाली निवासी अनुप कुमार का कहना है कि यहां पर रुक रुककर कई बार बिजली कट लगे। इससे बिजली उपकरण फुंकने का भी खतरा रहा। लोगों का कहना है कि विभाग अब हाल में बिजली कट लगने की सूचना नहीं देता है। इससे समस्या होती है और लोग इसके लिए तैयार भी नहीं होते है। वही इस पर चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल का कहना है कि इसे चेक किया जाएगा। यदि सुधार नहीं हो पा रही है तो सब स्टेशन से इसकी रिपोर्ट मांगी जाएगी।

लटक रहे बिजली के तार, खंभों की मांग

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : गांव रोरी के लोगों ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियता से बिजली पोल लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जगल में जा रही बिजली की लाइन के बीच खंभों की दूरी अधिक है। इसके चलते तार लटक रहे है। अधिकाश जगह तार जमीन तक पहुच गए है, जिस कारण करंट की चपेट में आकर हादसे का खतरा बना हुआ है। अधिशासी अभियता ने मौके पर जाच कराकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। परिदर आर्य, गगाराम, सरोज, प्रमोद, सुधीर कुमार, सुनील कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

UGC का विरोध करने वाले व्यापारी 5 घंटे तक नज़रबंद

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली में रविवार को होने वाले यूजीसी के नए नियमों में होने वाले प्रदर्शन को देखते हुए कई लोगों को नजर बंद किया। इसमें व्यापार मंडल के सदस्य भी प्रमुख रूप से शामिल रहे। वैशाली व्यापार मंडल के अनिरुद्ध वशिष्ठ और निलाध्यक्ष युद्ध उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल गाजियाबाद के धनेश सिंघल इसमें मुख्य रूप से शामिल रहे। धनेश सिंघल ने बताया कि दिल्ली में यूजीसी के नियमों में किए जा रहे परिवर्तन के विरोध में देशभर से लोग शामिल हो रहे है। उस प्रदर्शन में हम भी शामिल न हो सके इसलिए करीब 4-5 घंटे तक हमें हाउस अरेस्ट किया।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 09-03-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAPG3 User: cci Time: 03-08-2026 22:23 Color:

फटाफट खबरें

कार सवार को पीटा, शीशे भी तोड़े

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में होली के बाद घर लौट रहे युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर उसकी कार का शीशा तोड़ दिया। भरत सिटी स्कैवयटी निवासी वैभव चौधरी ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। चौधरी ने बताया कि वह रात मार्च को अपने दोस्त के यहां होली मनाने राजनगर एक्सटेंशन गए थे। वहां राजनगर एक्सटेंशन स्थित आरती रसोई रेस्तरां के पास कुछ अनजान लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली। आरोपियों ने बिना किसी वजह के उसके साथ गाली-गलौज की। उन्होंने विरोध किया मारपीट करने लगे। इस दौरान किसी तीस वस्तु से आरोपियों ने उनके ऊपर हमला किया गया, जिससे उन्हें चोट आई।

संदिग्ध हालात में किशोरी लापता

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम क्षेत्र निवासी किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। मामले में किशोरी के पिता ने पैर समुद्राय के युवक पर बेटी को शादी के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में किशोरी के पिता का कहना है कि उनकी 15 वर्षीय बेटी छह मार्च की सुबह करीब छह बजे घर से बिना किसी को बताए चली गई। आरोप है कि समर उर्फ फैजन नाम का युवक उनकी बेटी को शादी के लिए उकसा रहा था।

गाली-गलौज के विरोध पर पीटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र के सिकरोड़ गांव में दुकान पर बैठे एक व्यक्ति के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। हमीरा गुलाब सिंह ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। गुलाब सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को वह अपने गांव में स्थित दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले नूनपाल, सावर और उनके अन्य सहयोगी के साथ पहुंचे। आरोप है कि सभी ने बिना किसी बात के उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की।

पति से कहासुनी के बाद जान दी

■ NBT न्यूज, लपुड़ : थाना सिम्भावली क्षेत्र में देर शाम पति से सब्जी को लेकर हुई कहासुनी के बाद देर रात पत्नी ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली। देवली गांव निवासी जितेंद्र की शादी 11 साल पूर्व शिक्षा से हुई थी। पति जितेंद्र ने बताया कि शनिवार को वह खेती से काम करके घर लौटा था। उसने पत्नी से सब्जी के साथ रोटी मांगी, लेकिन शिक्षा ने सब्जी की जगह घटने के साथ रोटी दे दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद वह और बच्चे सो गए। रात में किसी समय शिक्षा (30) ने कमरे के अंदर फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बदमाशों ने मांगी दो लाख की रंगदारी

■ NBT न्यूज, लोनी : लोनी बॉर्डर थाना एरिया के टीला रहबालपुर गांव में रहने वाले दो महेश कुमार और श्यामबीर ने गांव के ही हिस्ट्रीशीटर बदनाश और उसके परिजनों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस और विधायक नंदकिशोर गुर्जर को करने की बात कही तो हिस्ट्रीशीटर ने विधायक को भी जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शिकायत पर हिस्ट्रीशीटर जाकिर, उसके भाई ताजी, अब्बास, भतीज जुबैर और भांज आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बेसमेंट में छिपे चोर को लोगों ने दबोचा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र की टैविका रेसाइडेंसी सोसाइटी के बेसमेंट में छिपे चोर को रविवार सुबह गार्ड ने लोगों की मदद से दबोच लिया। लोगों का कहना है कि आरोपी से चोरी का सामान, नकद, सिमरेट आदि सामान बरामद हुआ। सुरक्षागार्ड पूछताछ के दौरान चोर ने अपना नाम अमन बताया, लेकिन कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसने अपना नाम पिलखुवा निवासी राशिद बताया। लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

युवती के बैग से लैपटॉप व पर्स चोरी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : गाजियाबाद जंक्शन पर नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस से उतरी युवती के बैग से लैपटॉप और पर्स चोरी हो गया। पर्स में डेबिट कार्ड, आधार व पैन कार्ड, कैश समेत अन्य कीमती दस्तावेज थे। मामले में युवती ने सात मार्च को विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में अर्चना, गैर सिटी-दो निवासी निकिता सिंह ने बताया कि दो मार्च को सात करीब सवेरे आठ बजे वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-चार पर उतरी थी।

स्टेशन के सुस्त काम पर यात्रियों का गुस्सा वायरल

दो साल में होना था पुनर्निर्माण, अब तक अधूरा, एक्स पर जताई नाराजगी

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण अमृत भारत योजना के तहत अप्रास्त 2023 में शुरू हुआ था। इसे दो साल में पूरा करना था, लेकिन तीन साल बाद भी 35 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य के कारण स्टेशन के आसपास की सड़कों की हालत खराब हो गई है। धूल उड़ने से प्रदूषण भी फैल रहा है। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाराजगी जताते हुए जल्द काम पूरा कराने की मांग की है।

सोशल मीडिया पर आशीष शर्मा ने लिखा है कि रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण किया रहा है, लेकिन प्रशासन का ध्यान दूसरे प्रोजेक्ट्स पर है, जबकि स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना होता है। ऐसे में स्टेशन के काम पर अधिक ध्यान देना चाहिए, ताकि समय पर कार्य हो सके। अब तक 50 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हो पाया है। उड़ती धूल और सड़क पर बने गड्ढे यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। वहीं, अभिनव प्रताप ने लिखा है कि सड़क पर उड़ती धूल से प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे सांस लेना भी भारी पड़ रहा है। गंदे जलभराव के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही है। आसपास के लोग कई बार शिकायत दे चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण यह समस्या लंबे समय से है।

337	23%	190	96
करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं पुनर्निर्माण में	बजट ही मिला है अब तक	से ज्यादा पेड़ भी काटे गए इस प्रक्रिया में	नए क्वार्टर बनाए जाएंगे योजना में

यह निर्माण हो रहा

पुनर्निर्माण में करीब 337 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। इसमें मल्टी-लेवल पार्किंग, स्टेशन परिसर के अंदर बसों के लिए डेडिकेटेड लेन, एक सिग्नल ट्रेनिंग स्कूल और 96 नए क्वार्टर शामिल हैं। अब तक करीब 23 प्रतिशत बजट ही मिला है। पुराने क्वार्टर और सहायक ढांचों को गिराने का काम पूरा हो चुका है। इस प्रक्रिया में 190 से ज्यादा पेड़ भी काटे गए। अब तक काम ज्यादातर स्टाफ क्वार्टर और बाहरी एरिया तक ही सीमित रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य एक मॉडल स्टेशन को तीन मंजिला आधुनिक कॉम्प्लेक्स में बदलना है।

बदली जाएगी कार्यदायी संस्था

रेलवे प्रवक्ता का कहना है कि कार्य धीमी गति से चल रहा है। इसके लिए एक बार कार्यदायी संस्था को बदलने की बात भी कही गई है। हालांकि, जल्द ही स्टेशन का काम पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है।

हिंडन डैम पर टूटी-जर्जर जालियों से जोखिम में राहगीरों की जान

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

जिले के लाखों लोगों के लिए हिंडन डैम का सफर अब सहूलियत नहीं, बल्कि हादसे का सबब बन चुका है। रोजाना यहां से गुजरने वाले नौकरीपेशा लोग, स्कूली बच्चे और परिवार जान हथेली पर रखकर चलते हैं। हाल ही में यहां लोहे की जाली गिरने से 10-15 लोग लहूलुहान हो गए, जिनमें मासूम बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। जनता का आरोप है कि अधिकारियों को आम आदमी की जान की कोई कीमत नजर नहीं आती। डैम पर लगी जालियां टूटकर लटकी हुई हैं। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय नागरिक नंद नेगी ने बताया कि मैंने देखा कि कैसे अचानक लोहे की जाली गिरी और लोग दंग रह गए। चीख-पुकार मच गई, बच्चे सहम गए। अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो शायद किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

नौकरशाही की बेरुखी और मंत्री से गुहार

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने दर्जनों बार संबंधित विभागों के चक्कर काटे, लेकिन फाइलों के बोझ तले दबे अधिकारियों के पास जनता की सुरक्षा के लिए समय नहीं है। अब लोगों ने इस विभाग के मंत्री से अपील की है कि मामले को संज्ञान में लें और जर्जर हिंडन डैम के कायाकल्प के लिए तुरंत ऑर्डर जारी करें, ताकि कोई और परिवार बिखरने से बच सके।

हिंडन डैम पर पूर्व में हुए हादसे में 10-15 लोग घायल हो गए थे

क्या है जनता की मांग

- डैम के पूरे स्ट्रक्चर का तुरंत सेफ्टी ऑडिट कराया जाए।
- जाम लगी और ढीली हो चुकी लोहे की जालियों को तुरंत बदलकर नई जाली लगाई जाए।
- रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो, ताकि अंधेरे में कोई हादसे न हो।
- लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

प्लॉट बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये हड़पे, दंपती पर केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

सिहानी गेट क्षेत्र में प्लॉट बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये से अधिक की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप एक दंपती पर है। आरोप है कि आरोपियों ने बाद में एग्रीमेंट भी रद्द करा दिया। मामले में दिल्ली के नांगलोइ निवासी गगन तंवर ने सिहानी गेट थाने में प्रमोद कुमार और उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शिकायत में दिल्ली के नांगलोइ निवासी गगन तंवर ने बताया कि उन्होंने सेक्टर नोएडा के गांव-एक निवासी प्रमोद कुमार और उनकी पत्नी से कुल 26 लाख रुपये में मधुबन बापूधाम स्थित फ्लैट खरीदने का सौदा किया था। 30 नवंबर 2012 को करीब 15.57 लाख रुपये एडवांस दिए थे। गगन का कहना है कि आरोपियों के कहने पर उन्होंने बाद में भी कई बार भुगतान किया। आरोप है कि इसके बाद भी अलग-अलग किस्तों में करीब सात लाख रुपये दिए। ऐसा करके आरोपियों ने तय रकम से ज्यादा रकम ले ली। इसके बावजूद प्लॉट का बैनामा कराने को तैयार नहीं है। आरोप है कि आरोपियों ने मिलीभगत से उनकी पावर ऑफ अटॉर्नी कूटरचित तरीके से निरस्त करा दी है। रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो प्रमोद कुमार और उसकी पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और पत्नी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। एसपी नंदग्राम निवासहीन अहमद ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

फ्लैट दिलाने के नाम पर सवा 7 लाख ठगे

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में फ्लैट दिलाने के नाम पर हेड कॉन्स्टेबल से सवा सात रुपये की धोखाधड़ी हुई है। मामले में हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार ने हीसौपी सिटी से शिकायत कर नंदग्राम थाने में धर्मेंद्र कुमार शर्मा, मजेंद्र कुमार शर्मा, वैभव मेयल और गैरव सूत के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में औरैया निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में उनकी तैनाती नवर कोतवाली गाजियाबाद में है। 11 अक्टूबर 2012 को राजनगर एक्सटेंशन स्थित अप्तामिया एन्क्लेव में टावर-बी में दूसरी मंजिल पर थी-बीएचके फ्लैट बुक कराया था। बिल्डर फर्म को करीब सात लाख 26 हजार रुपये दे दिए थे, लेकिन आज तक फ्लैट पर कब्जा नहीं मिला सका है।

टेंडर का झांसा दे 20 लाख की धोखाधड़ी

■ NBT रिपोर्ट, टीएपए : सहिबाबाद थाना क्षेत्र में टेंडर दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये हड़पाने का मामला सामने आया है। कारोबारी की मुलाकात आरोपी से एक जिम में हुई थी, जिसे बाद दोनों की दोस्ती हो गई। वारासरी में टेंडर दिलाने के नाम पर दूसरे साथी के खाते में 20 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए, फिर इन रुपयों को अपनी पत्नी के दो खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में आरोपी ने बताया कि टेंडर मिलने में दिक्कत हो रही है। इसके बाद पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। स्वारिलक अपार्टमेंट राजेंद्र नगर के रहने वाले विवेक कुमार की शिकायत पर 7 मार्च को पुलिस ने सुमित निवासी पर भोपुरा केस दर्ज कर लिया है।

गैस कनेक्शन अपडेट करने की बात कह ठगा

■ NBT रिपोर्ट, टीएपए : इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स को गैस कनेक्शन अपडेट कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने खाते से 3 लाख 88 हजार रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने एक लिंक भेजकर 10 रुपये सरकारी फीस जमा करने के लिए कहा था, जैसे पीड़ित ने लिंक खोलकर खाते की डिटेल भरी मोबाइल हैक हो गया। पीड़ित ने ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वैशाली प्लेटिनम हाइट्स सोसायटी निवासी राकेश वर्मा ने बताया कि 12 फरवरी को उनके फोन पर एक मेसेज आया। मेसेज में आईजीएल गैस बिल अपडेट करने की बात थी।

घर में घुसकर छेड़छाड़, विरोध में दंपती को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम क्षेत्र के सदरपुर में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और विरोध पर पति पर हमला करने का मामला सामने आया है। मामले में महिला ने छह मार्च को केस दर्ज कराया है। शिकायत में महिला ने बताया कि

बताया कि	मधुबन बापूधाम
दो मार्च को	थानाक्षेत्र के
रितेश,	सदरपुर की
प्रमोद और	घटना, तीन
पप्पू नाम का	युवकों के
युवक शराब	खिलाफ केस

के नशे में उनके घर का दरवाजा खटखटाने लगे। आरोपियों ने गेट खोल लिया और अंदर घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपियों ने मारपीट की। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसीपी कविनगर मुर्यकली मौर्य का कहना है कि मामले में शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

नाली से ईंट हटाने पर मां-बेटों से मारपीट

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

विजयनगर क्षेत्र में नाली से ईंट हटाने को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। चार भाइयों ने एक महिला और उनके दो बेटों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुराना विजयनगर निवासी श्रेयस शर्मा ने सात मार्च को विजयनगर थाने में धर्मेंद्र, पवन, जितेंद्र और बॉबी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शिकायत में श्रेयस शर्मा ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले धर्मेंद्र और उसके भाइयों पवन, जितेंद्र व बॉबी ने गली की नाली में ईंट फंसा रखी थी। इसके कारण नाली का पानी आगे नहीं जा पा रहा था। उनके बेटे सागर शर्मा ने चार मार्च की रात नाली में फंसी ईंट निकाल दी। इससे नाराज होकर आरोपियों ने उन पर और उनके बेटे सागर, देव पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। एसीपी उषामना पंडेय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

युवक पर लाठी-डंडों और फावड़े से हमला

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मसूरी क्षेत्र के गांव नाहल में मैसो को थारा डाल रहे युवक पर पड़ोस के तीन लोगों ने लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया। जाहिद ने थाने में राशिद, अनस और असलम के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जाहिद ने बताया कि छह मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर मैसो को थारा डाल रहे थे। उसी दौरान राशिद, अनस और असलम वहां पहुंच गए। तीनों ने लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया।

दिल्ली-मेरठ मार्ग पर भीषण जाम, रेंगते रहे वाहन

मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रविवार को मोदीनगर में चालों के दबाव के कारण जाम लग गया। सड़क पर लंबी-लंबी कतारों में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति उस समय और विकट हो गई जब लपुड़ रोड रेलवे फाटक बंद हुआ। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि फाटक बंद होने के दौरान कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ था। पुलिस ने पहुंचकर स्थानन्य करा दिया।

घरेलू सहायिका पर मकान कब्जा करने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : सिहानी गेट क्षेत्र में मकान कब्जाने, ब्लैकमेल करने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में जिला पंचायत सदस्य शोकेंद्र कुमार ने घरेलू सहायिका पर आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर सिहानी गेट थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में गांव पैंग निवासी शोकेंद्र कुमार ने बताया कि वह खोड़ नंबर-पांच से जिला पंचायत सदस्य हैं। 2019 से नेहरू नगर तृतीय स्थित मकान नंबर-25 के मालिक हैं। उन्होंने बताया कि मकान की देखभाल के लिए घरेलू सहायिका रुकमणि को रखा था। कुछ समय बाद उसने कब्जा कर लिया।

दिल्ली-देहरादून हाइवे पर बाइक में कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

■ NBT न्यूज, सोनी

टोनिका सिटी थाना एरिया में दिल्ली-देहरादून हाइवे पर शनिवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में मृतक के साथी खालिद की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, त्यागी मकैट में रहने वाले 45 वर्षीय आबिद सोयाबीन चाप की सप्लाई करते थे। वह शनिवार को दिल्ली-देहरादून हाइवे से गढ़ी कटैल चौक की ओर आ रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे आबिद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पहुंची पुलिस ने आबिद को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, अंकुर विहार थाना एरिया के समापुर अंडरपास के पास सड़क हादसे में घायल बुलंदी 70 वर्षीय जयराम की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

पैदल जा रहे ट्रक ड्राइवर को कार ने उड़ाया

■ NBT रिपोर्ट, टीएपए : टीलामोड़ थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे ट्रक ड्राइवर को कार थालक ने उड़ाया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ड्राइवर को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। भाई की शिकायत पर पुलिस ने 7 मार्च को केस दर्ज कर लिया है। गांव धनवा, पोस्ट सोनगढ़, जिला अंबेडकर नगर उप्र के रहने वाले ओम प्रकाश पाल ने दर्ज केस में बताया कि उनके भाई जय प्रकाश पाल पेशे से ट्रक ड्राइवर है। वह 4 मार्च को सुबह 5.30 बजे एप्पवी गैस का ट्रक लोड करने थाना क्षेत्र स्थित प्लांट आए थे।

NH-9 पर बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

■ NBT न्यूज, लपुड़ : थाना गदमुक्तेश्वर क्षेत्र में NH-9 पर एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। दिल्ली के बसंत विहार निवासी बॉबी (27) अपने दोस्त बहादुरी निवासी विशाल (29 वर्ष) के साथ देर रात बाइक से सामल से दिल्ली जा रहे थे। गढ़मुक्तेश्वर में होटल ली हैड के सामने उनकी बाइक अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों ने बॉबी को मृत घोषित कर दिया।

छत पर लगे मोबाइल नेटवर्क बूस्टर से आरआरयू चोरी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

वेव सिटी क्षेत्र के छज्जा बाजार डासना में मकान की छत पर लगे मोबाइल नेटवर्क बूस्टर से चोर कीमती उपकरण चोरी कर लिए। मामले में विनय कुमार ने वेव सिटी थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में विजय कुमार ने बताया कि वह मेसर्स टेलटोप इंफ्रास्टेक प्राइवेट लिमिटेड में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी एयरटेल नेटवर्क से जुड़े उपकरणों की देखरेख करती है। एयरटेल कंपनी के नेटवर्क बूस्टर का एक उपकरण छज्जा बाजार डासना में एक मकान की छत पर लगाया गया था। 10 फरवरी की रात करीब ढाई से साढ़े तीन बजे के बीच किसी अज्ञात चोरों ने नेटवर्क बूस्टर की आरआरयू (रेडियो रिसीवर यूनिट) डिवाइस चोरी कर ली। इस दौरान केबल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे नेटवर्क उपकरण को नुकसान पहुंचा। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मामले में सत मार्च को केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मोबाइल टावर से उपकरण चुराते दबोचा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : सिहानी गेट क्षेत्र के मुकुटनगर में शनिवार तड़के मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करते बदमाश को दबोच लिया गया। मामले में सिहानी गेट थाने में मनोज कौशिक ने केस दर्ज कराया है हसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद का कहना है कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान मोदीनगर क्षेत्र के फुफरान रोड धर्मपुरी निवासी हर्ष के रूप में हुई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

बदमाशों ने घर से कीमती सामान चुराया

■ NBT रिपोर्ट, टीएपए : इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक घर का दरवाजा तोड़कर कीमती सामान सहित टैबिट चोरी कर ली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस चोरी की तलाश में जुटी है। वसुंधरा सेक्टर-तीन निवासी अनुभव ने बताया कि एक मार्च को वह किसी काम से गए थे। इस दौरान चोरों ने मकान का गेट तोड़कर घर में लगी टैटी और कीमती सामान चोरी कर लिया। उनके घर पहुंचने पर उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद थाने में शिकायत दी।

महंगाई की मार कच्चे माल की सप्लाई कम होने से लागत बढ़ी, जिले में कई प्रोजेक्ट्स के काम हो रही दिक्कत

ईरान युद्ध का इफेक्ट, प्लास्टिक 20 फीसदी महंगा

Akhandpratap.Singh
@timesofindia.com

■ **गाजियाबाद :** ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष ने निलामतीय अर्थव्यवस्था पर असर डालना शुरू कर दिया है। दिल्ली से सटे औद्योगिक हब गाजियाबाद में प्लास्टिक के कच्चे माल की कीमतों में 20 फीसदी उछाल आई है। इसका कारण खाड़ी देशों से होने वाली कच्चे तेल की सप्लाई में आई कमी है। प्लास्टिक का निर्माण मुख्य रूप से नैफ्था से होता है, जो कच्चे तेल का ही उप-उत्पाद है। ईरान-अमेरिका और इस्त्राइल युद्ध की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों पर संकट मंडरा रहा है, जिससे मालवाहक जहाजों का किराया और बीमा लागत बढ़ गई है। गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा का कहना है कि प्लास्टिक के दाम बढ़ने से माल महंगा हो गया है। डिमांड के हिसाब से सप्लाई कम आ रही है। वहीं, नगर निगम में पाइपलाइन से जुड़ा काम करने वाले ठेकेदार विशाल चौधरी बताते हैं कि जब टेंडर मिला था, तब पाइप सस्ते थे। अब 20 से 30 फीसदी महंगे हो चुके हैं, इसलिए काम करने में दिक्कत हो रही है। इस सेक्टर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जिले के करीब 50,000 से अधिक लोग जुड़े हैं, जिन पर छंटनी का खतरा है।



जिले में कारोबार और आर्थिक स्थिति

- **टर्नओवर :** गाजियाबाद में प्लास्टिक का कारोबार बहुत बड़ा है, जिसमें केवल कुछ प्रमुख कंपनियों का व्यक्तिगत टर्नओवर ही 50 से 100 करोड़ रुपये के बीच रहता है।
- **कच्चा माल :** जिले में हर साल सैकड़ों करोड़ रुपये का कच्चा माल (जैसे दाना, पीपी, पीवीसी) आता है। इसकी कीमतें मुनाफा के आधार पर 26 से लेकर 350 रुपये प्रति किलो तक होती है। वर्तमान में कीमतों में 20% तक का उछाल आया है।
- **औद्योगिक इकाइयां :** प्लास्टिक से जुड़ी 3,000 से अधिक छोटी-बड़ी मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई इकाइयां पंजीकृत हैं।
- **प्रमुख क्षेत्र :** साहिबाबाद, कविनगर, बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, मोहन नगर और लोनी मुख्य केंद्र हैं।
- **उत्पाद :** यहां पाइप (PVC/CPVC), पैकेजिंग फिल्म, मोल्डेड फर्नीचर, घरेलू सामान और ऑटोमोटिव पार्ट्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 09-03-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHABP User: alok.pratap@timesofindia.com Time: 03-08-2026 22:38 Color:

फटाफट खबरें

कार से मोबाइल और कैश चुराया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : ट्रांसिस रिपब्लिक क्षेत्र में टक-टक रिंग रोड के बदमाशों ने कार से मोबाइल फोन और कैश चोरी कर लिया। मामले में शालि नगर निवासी डॉ. अरुणिम ने ट्रांसिस रिपब्लिक थाने में रपट मार्च को केस दर्ज कराया है। शिकायत में डॉ. अरुणिम ने बताया कि दो मार्च को वह कार से कमला हॉल अंडरपास के पास दिल्ली की ओर जाने के लिए यू-टर्न ले रही थी। इसी दौरान दो युवक कार के पास आए और शीशा खटखटाने लगे। जैसे ही शीशा खोला तो एक युवक ने उनका आईफोन और पर्स निकाल लिया। पर्स में करीब पांच हजार रुपये थे।

झगड़ा सुनकर पहुंचे चालक को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, टीएच्य : टीला मोड़ थाना क्षेत्र की पटपाली कॉलोनी में झगड़ा होने का कारण पूछना टैक्सी चालक को भारी पड़ गया। अज्ञातियों ने उनकी पिटाई कर दी। पीड़ित के भाई ने दो नामजद समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पवनवीर कॉलोनी निवासी विद्रु चौधरी ने बताया कि उनका छोटा भाई विकास चौधरी टैक्सी चलाता है। 5 मार्च को सुबह करीब साढ़े 5 बजे वह टैक्सी लेकर कॉलोनी में आया। वहां झगड़ा होता देखकर भाई ने गली में खड़े एक युवक से उसका कारण पूछा। उसी गली में रहने वाले भोलू, उसके भाई रोहित और दो रिश्तेदारों ने विकास को लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

■ NBT रिपोर्ट, टीएच्य : डासिंहगेट थाना क्षेत्र में एक हिट एंड रन का मामला सामने आया है। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक मौके पर ही काफी देर तड़प पड़ा रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सतीष अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर सिर में चोट लगने पर डॉक्टरों ने अधिक खून बहने की बात कही है। घायल के भाई ने 7 मार्च को थाने में केस दर्ज कराया है। मूलरूप से लखीमपुर खीरी निवासी मुलेट आहरी ने दर्ज केस में बताया कि उद भाईजे महेंद्र आहरी के साथ न्यय रहत तीन मरहनपुर इंडिरापुरम क्षेत्र में रहते हैं। 4 मार्च को भतीज असवारी रॉयल गय था।

मकान मालिकों ने लिया नकद किराया तो खैर नहीं

आयकर विभाग के रडार पर गौतमबुद्ध नगर के 50 हज़ार मकान मालिक

Dinesh.Mishra
@Timesofindia.com

■ **नोएडा:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में किराये पर घर लेने के मामले में नोएडा प्रदेश में सबसे ज्यादा मशहूर जगह है। आयकर विभाग के रडार से बचने के लिए यहां के मकान मालिक किरायेदारों से ऑनलाइन भुगतान नहीं लेते, सिर्फ नकद में ही किराया ले रहे हैं। एक तरफ ई-रिक्शा से लेकर गोलगप्पे वाले तक ऑनलाइन भुगतान धड़ल्ले से लेते हैं, दूसरी तरफ मकान मालिकों के इस रवैये से किरायेदारों को काफी दिक्कत होती है।

कानपुर के प्रधान आयकर आयुक्त ने आयकर विभाग नोएडा की जांच शाखा को ऐसे मकान मालिकों को रडार पर लेने के साथ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) का मदद से अप्रैल में इनके खिलाफ अभियान चलाने को कहा है ताकि कर चोरी को रोका जा सके। शुरुआती सर्वे के दौरान 50 हजार से ज्यादा ऐसे मकान मालिक हैं, जिन्होंने किरायेदारों के बारे में कोई न घोषणा नहीं की है और वे कर चोरी में शामिल हैं। एक अनुमान के अनुसार नोएडा में मकान मालिक किरायेदारों के बारे में सूचना न देकर एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की आयकर चोरी कर रहे हैं।

मिली थीं शिकायतें

नोएडा में किरायेदारों के भुगतान की दिक्कत को लेकर मकान मालिकों के खिलाफ यूपी के प्रधान आयकर आयुक्त को दोतरफा शिकायतें मिली थीं। इनका प्रारंभिक परीक्षण करने के बाद अब ऑनलाइन भुगतान न स्वीकार करने वाले लोगों के खिलाफ आयकर विभाग की जांच शाखा को जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है अप्रैल से शुरू होने वाला यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। इस अभियान के दौरान आयकर विभाग AI की भी मदद लेगा।

सेक्टर-107 सबसे महंगा, दूसरे नंबर पर सेक्टर-74

देशभर से कामकाज के लिए नोएडा आने वाले लोगों को किराये के घर के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक वेबसाइट के मुताबिक, यहां सबसे महंगा किराया सेक्टर 107 में है, जहां 2 बीएचके के लिए 31400 रुपये है तो वहीं 3 बीएचके के लिए 69,900 रुपये रेट है। दूसरे पर सेक्टर 74 है जहां 2 बीएचके के लिए 25,200, 3 बीएचके के लिए 31,400 रेट है। तीसरे नंबर पर सेक्टर 137 है जहां 2 बीएचके का रेट 24,400 तो 3 बीएचके का 32 हजार रुपये है। चौथे नंबर पर सेक्टर-75 है, यहां 2 बीएचके का रेट 23,900 तो 3 बीएचके का 33,700 है। पांचवे नंबर पर सेक्टर 62 है जहां 2 बीएचके 20,700 3 बीएचके के लिए 27,600 रेट है। छठे स्थान पर ग्रेनो वेस्ट है जहां 2 बीएचके के लिए 18,200 और 3 बीएचके के 21,400 प्रति महीने किराया है। आखिरी नंबर पर है सेक्टर 151 है जहां 2 बीएचके के लिए आपको 15,400 देने है, तो वहीं 3 बीएचके 17,200 के आसपास देने पड़ते है। नोएडा में महंगे किराये की एक वजह यह भी है कि 11 हजार से ज्यादा कंपनियों में काम करने वाले आठ लाख कर्मचारियों में से आधे से अधिक किराये पर रहते हैं।

3000+ कारों की रैली, थैलेसीमिया-कैंसर के खिलाफ किया जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क से सुबह 6 बजे रैली शुरू हुई। रौलेश जैन, रमन जैन, रवींगल जैन, सोनाली दुगर, खेतल दुगर, प्रिया जैन मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की एक नई मिसाल पेश की है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (JITO) की 'लेडीज विंग' ने थैलेसीमिया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशाल नैशनल कार रैली का आयोजन किया। 'ड्राइव फिट पर्पस' नाम की इस मुहिम ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि इसमें देश के 90 से ज्यादा शहरों की 3000 से अधिक कारों ने हिस्सा लिया। इस बड़ी उपलब्धि को 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में भी दर्ज किया गया है।

इस पूरे अभियान का नेतृत्व सोनाली दुगर और शीतल दुगर ने किया। सोनाली दुगर, जो जैसो एचेम की चेयरमैन इन-चार्ज हैं, उन्होंने इस पूरे प्रोजेक्ट की देखरेख की और संस्था के मुख्य उद्देश्यों को इस रैली के साथ जोड़ा। वहीं, जैसो लेडीज विंग की नैशनल चेयरपर्सन शीतल दुगर ने देशभर की महिला सदस्यों को एकजुट किया और इस आंदोलन को हर शहर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाली।

डिजिटल प्लैटफॉर्म पर भी मचाई धूम: इस आयोजन को सफल बनाने में जैसो एचेमा के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी और प्रेसिडेंट विजय बंडारी का सहयोग रहा। लेडीज विंग की टीम-चेयरमैन जैन (वाइस चेयरपर्सन), सरला भुंटेरिया और श्रुति मंडोत (सेक्रेटरी), कंवित शाह (ट्रेजरर) और रचना कानूनगो (हेल्थ कन्वीनर), स्वाग्निल जैन (जेटो चेयरमैन, अलीगढ़), रमन जैन (नॉर्थ जोन चेयरमैन) और महावीर चपलोत (सेक्रेटरी जेटो एचेमा) ने कई महीनों से इसकी तैयारी की थी।

यह अभियान केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इंस्टाग्राम पर इस कैंपेन को 3 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया। इस रैली का असली मकसद लोगों को यह बताना था कि अगर समय पर जांच हो, तो थैलेसीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों को रोका जा सकता है। यह रैली एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ बनाने के लिए बड़ा आंदोलन बन गई है।

दिल्ली में लीजा रे ने बढ़ाया उत्साह

रैली को शुरुआत दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क से सुबह 6 बजे हुई। महान्नुर अभिनेत्री और खुद कैंसर को मात देने वाली लीजा रे ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने महिलाओं को बीमारी से लड़ने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली के इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में नॉर्थ जोन के चेयरमैन रमन जैन और जीते एचेक्स के सचिव महावीर चपलोत की अहम भूमिका रही।

लग्जरी कारों से दिया जागरूकता का संदेश

इस रैली की एक खास बात यह थी कि इसमें लैम्बोर्गिनी, रोल्स-रॉयस, बेंटले, मर्सिडीज-मायबैक, रेंज रोवर, लेक्सस, मिनी कूपर और टोयोटा हिल्क्स जैसी महंगी और लग्जरी गाड़ियां भी शामिल थीं। इन शानदार गाड़ियों के काफिले ने सड़कों पर सबका ध्यान खींचा, जिससे थैलेसीमिया और कैंसर की जांच और समय पर इलाज का संदेश लोगों तक पहुंचा।

उद्घाटन 23 से 25 मार्च के बीच संभव

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 23 से 25 मार्च के बीच संभव है। सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार को पीएमओ से इस मामले में चिट्ठी मिली है। इसके बाद लखनऊ से सीनियर अफसरों ने जिला प्रशासन अधिकारियों को फाइनल की तैयारियां तेज करने के आदेश दिए हैं। बता दें कि एयरपोर्ट का प्रथम चरण के तहत 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां सभी तरह के उपकरण समेत अन्य बड़ी सुविधाएं किसमिस की जा चुकी हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से हरी झंडी मिलने के बाद उड़ान के लिए नगरिक महानिदेशालय (डीजीसीए) से एयरोड्रम लाइसेंस जारी हो गया है। यह किसी भी एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान शुरू करने के लिए अंतिम कागजी औपचारिकता होती है। नोएडा एयरपोर्ट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रस्तावित है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएमओ को निमंत्रण भी भेज दिया। अधिकारिक तौर पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी न होने की बात कही है, जबकि उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर अफसरों ने रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से युवक गंभीर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर कोतवाली क्षेत्र में पंटापुर पुल पर कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में रमेश सिंह ने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। गौतमबुद्धनगर के चिपयाना बुजुर्ग निवासी रमेश सिंह ने बताया कि हादसे के वक्त भाई कृपाल सिंह चार मार्च को बाइक से विनयनगर से गांव अटौर के भवानी एनक्लेव स्थित अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सतीष अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर सिर में चोट लगने पर डॉक्टरों ने अधिक खून बहने की बात कही है। घायल के भाई ने 7 मार्च को थाने में केस दर्ज कराया है। मूलरूप से लखीमपुर खीरी निवासी मुलेट आहरी ने दर्ज केस में बताया कि उद भाईजे महेंद्र आहरी के साथ न्यय रहत तीन मरहनपुर इंडिरापुरम क्षेत्र में रहते हैं। 4 मार्च को भतीज असवारी रॉयल गय था।

छांयसा गांव में 17वीं मौत

■ NBT न्यूज, हरदीन : छांयसा गांव में लगातार हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सनिचर रात गांव की 35 वर्षीय महिला आरती की हलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले 40 दिनों में गांव में यह 17वीं मौत बताई जा रही है। रविवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों को आरती की मौत की सूचना मिली, पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरती का हेपेटाइटिस-बी का टेस्ट किया था, जिसमें वह नेगेटिव पाई गई थी। इसके बाद विभाग की ओर से उसे वैक्सीन भी लगाई गई। लेकिन 28 फरवरी को अचानक उसे उल्टी की शिकायत हुई। परिजन उसे इलाज के लिए नूंह के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल ने उसके सैंपल जांच के लिए गुरुग्राम की एक लैब में भेजे थे।

गुड़गांव में युवती पर फेंका तेजाब!

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : सुभाष नगर में रहने वाली 24 वर्षीय एक युवती पर रविवार को सिविल अस्पताल में तेजाब फेंके जाने का मामला सामने आया है। मरपीट में घायल युवती इलाज कराने पहुंची थी, इसी दौरान एक युवक ने पीछे से उस पर एसिड फेंक दिया। पुलिस जांच कर रही है।

Advertorial, Entertainment Promotional Feature

Enterटेनमेंट masalamix

साउथ के सितारों के साथ ऐक्शन करेंगे सलमान खान

सलमान खान ने अपनी अगली फिल्म साइन कर ली है। इस फिल्म की शूटिंग बैटल ऑफ गलवान के तुरंत बाद शुरू होगी। इसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तेलुगू फिल्ममेकर वामसी पैंठिपल्ली डायरेक्ट करेंगे। इसमें सलमान के साथ साउथ के कई सितारे भी नजर आएंगे।

आमिर चाहते हैं बड़े पर्दे और OTT में संतुलन

आमिर खान ने OTT के बढ़ते दबदबे पर अपने विचार साझा किए हैं। एक इंटरव्यू में आमिर ने माना कि थिएटर में फिल्म रिलीज होने और उसके OTT पर आने के बीच घटता समय चिंताजनक है। आमिर ने कहा, 'यह अच्छी स्थिति नहीं है। मुझे लगता है कि एक सहज समझौता होना कहीं बेहतर है, लेकिन इस समय यह मुझे किसी भी नजरिए से सही नहीं लग रहा है।'

आमिर ने आगे कहा कि थिएटर और OTT की जरूरतों के बीच संतुलन बनाना एक ऐसा काम है जिससे आज हर जगह के फिल्म निर्माता जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बहुत सारे प्रोड्यूसर इसका सामना कर रहे हैं और सिर्फ हिंदी में ही नहीं। साउथ में भी, मैंने जिन बहुत से प्रोड्यूसर से बात की है, वे इस समस्या का सामना कर रहे हैं। अगर आप चाहते हैं कि थिएट्रिकल बिजनेस आगे बढ़े और हेल्दी रहे, तो आपको इसे प्रोटेक्ट करने की आवश्यकता है।' वह कहते हैं, 'मुझे लगता है कि आपको अलग-अलग मीडियम पर काम करने की जरूरत है। मेनस्ट्रीम फिल्में, जिनमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, उन्हें थोड़े लंबे विंडो की जरूरत होती है। घुरंधर जैसी फिल्म को इससे फायदा हुआ। मेरा यह भी मानना है कि कुछ बहुत बड़ी फिल्मों के थिएट्रिकल विंडो लंबे हो सकते हैं। शायद छोटी, एक्सपेरिमेंटल फिल्मों के लिए छोटे विंडो की जरूरत होती

यह अच्छी स्थिति नहीं है। मुझे लगता है कि एक सहज समझौता होना कहीं बेहतर है, लेकिन इस समय यह मुझे किसी भी नजरिए से सही नहीं लग रहा है

Colston Julian

नियम तय करना किसी रिश्ते की चाबी नहीं: सैफ

सैफ अली खान ने हाल ही में कहा कि रिश्ते में नियम तय करना कभी काम नहीं करता, बल्कि एक-दूसरे के प्रति भरोसा होना बहुत जरूरी है। सैफ ने एक पॉडकास्ट में बताया कि कैसे एक बार उन्होंने और करीना ने स्क्रीन पर इंटिमेसी (नजदीकी) को लेकर सीमाएं तय करने की कोशिश की थी। बकौल सैफ, 'ऐसी बातें होती हैं कि स्क्रीन पर कोई किसिंग नहीं होनी चाहिए, लेकिन इस तरह का अरेंजमेंट हमेशा सही नहीं लगता। हमने भी कुछ समय के लिए ऐसा करने की कोशिश की थी, लेकिन इसे संभालने का यह सही तरीका नहीं है। रिश्ते में भरोसा

करीना कपूर के साथ सैफ अली खान

'बाइक मुझे आज़ादी का अहसास कराती है'

ओंकार कुलकर्णी

मनोरमा सिक्स फीट अंडर, टीर, धूप जैसे फिल्मों से लेकर द फैमिली मैन और पाताल लोक जैसी सीरीज तक, गुल पनाग ने हर बार लीक से हटकर रास्ता अपनाया है। इससे इतर, गुल को एक और चीज जो बहुत पसंद है, वह है बाइक राइडिंग। गुल के लिए राइडिंग हॉबी नहीं है, बल्कि जीने का एक तरीका है जो आजादी और जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

'बाइक और मेरे बीच गहरा रिश्ता है'

गुल के लिए बाइक चलाने के कई मायने हैं। वह कहती हैं, 'मेरे लिए बढ़ती जिम्मेदारी के साथ आजादी का सबसे बड़ा रूप है। और जब मैं 'जिम्मेदारी' कहती हूं तो इससे मेरा मतलब है खुद को सुरक्षित रखने का दायित्व। भारत में हमारी सड़कों पर अक्सर नियमों का पालन नहीं होता। जानवर सड़क पर आ सकते हैं। कोई बिना देखे लेन बदल सकता है। इसलिए आपको बहुत जागरूक और सावधान रहना होता है। हमें उस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि आखिर में खुद को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी आपकी ही है। साथ ही, बाइक राइडिंग सशक्तिकरण की भी जाहिर करता है। मैं बाइक से मिली तमाम सीखों को अपनी जिंदगी में अपनाती हूं।'

'सुरक्षा नियमों के बारे में सब सोचें'

गुल से अक्सर सुरक्षा को लेकर तमाम सवाल किए जाते हैं। इस पर वह कहती हैं, 'मुझे लगता है कि सभी राइडर्स को एक जैसे सुरक्षा नियमों के बारे में सोचना चाहिए, चाहे उनका जेंडर कुछ भी हो। यह सुरक्षा के नजरिए से बहुत जरूरी है। हमारी सड़कों की हालत और कई ड्राइवरों के रवैये को देखते हुए कभी-कभी टू-व्हीलर पर कम ध्यान दिया जाता है, जो बिल्कुल भी ठीक नहीं है। ऐसे में आपको अलर्ट रहना होगा। मुझे हमेशा से ही अंधेरा होने से पहले अपनी मंजिल पर पहुंचना पसंद है। मेरे लिए फ्लैट टायर बदलना या अंधेरे में ब्रेकडाउन से निपटना बिल्कुल भी मजेदार नहीं है। मैं सुबह जल्दी निकलना और दिन की रोशनी में ही अपनी मंजिल पर पहुंचना पसंद करती हूं।'

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in